श्रावण मास की मंगलमय शुभकामनाएँ

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच



वर्ष : 27 | अंक : 201 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 11 जुलाई, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

## हर हर महादेव



*देवाधिदेव महादेव के प्रिय श्रावण मास के प्रथम दिवस के पावन अवसर पर आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में विधि-विधान से रुद्राभिषेक कर समस्त प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की।*

# 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारत को नहीं हुआ कोई नुकसान : डोभाल

## आईआईटी मद्रास के सम्मेलन में बोले, 23 मिनट में पूरा हुआ ऑपरेशन

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर को लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बयान दिया है. उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन के दौरान भारत को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

डोभाल ने आईआईटी मद्रास में अपने संबोधन के दौरान कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विदेशी मीडिया ने झूठी खबरें फैलाई हैं। मुझे एक तस्वीर दिखाइए, जिसमें भारत को नुकसान पहुंचा हो। भारत को इस दौरान कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

डोभाल ने कहा कि टेक्नोलॉजी और वॉरफेयर के बीच संबंध हमेशा महत्वपूर्ण होता है। हमें ऑपरेशन सिंदूर पर नाज है। हमें गर्व है कि इस ऑपरेशन के दौरान हमने स्वदेशी तकनीक का इस्तेमाल किया। हमने



सीमापार नौ पाकिस्तानी ठिकानों पर हमले का फैसला किया था। इनमें सीमावर्ती इलाके में एक भी ठिकाना नहीं था। हमारे सभी निशाने सटीक रहे। हमने सिर्फ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया।

उन्होंने कहा कि यह पूरा ऑपरेशन 23 मिनट का था। मुझे एक तस्वीर दिखा दीजिए, जिसमें भारत को नुकसान पहुंचा हो। यहां तक कि एक गिलास भी नहीं टूटा। विदेशी मीडिया ने कई चीजें कहीं। उन्होंने कुछ चुनिंदा तस्वीरों को आधार बनाकर पाकिस्तान के 13 एयरबेस को लेकर कई बातें कहीं। लेकिन 10 मई से पहले और इसके बाद पाकिस्तान के 13 एयरबेस की सैटेलाइट तस्वीरें देखें। सब साफ हो जाएगा।

बता दें कि 22 अप्रैल को हुए पहलगाम अटैक के जवाब में भारतीय सेना ने 7 मई की रात को ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। इसके तहत, भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों को उड़ा दिया था। इससे बौखलाकर पाकिस्तानी सेना ने भारत के सैन्य और नागरिक ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की थी, जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया था। चार दिन तक चले सैन्य टकराव के बाद 10 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर हो गया था।

# जेवर एयरपोर्ट के पास घर बनाने का सपना सच, खुली किस्मत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जेवर एयरपोर्ट के पास घर बनाने का सपना आज सच हो गया। कई लोगों की किस्मत खुली है जिनके यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की स्कीम में प्लॉट मिले हैं। यीडा द्वारा निकाली गई प्लॉटों की स्कीम का आज ड्रॉ हुआ जिस पर लाखों लोगों की नजर थी।

जेवर में बन रहे इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास अपनी ज़मीन पर घर बनाने की उम्मीद को आज कई लोगों ने साकार होते हुए देखा। यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (YEIDA) की लक्षित योजना क्र.सं. AROPOOS-09/2025 का ड्रा आज सुबह इंडिया एक्सपोज़ (शेष पृष्ठ-5 पर)



## 12 औद्योगिक भूखंडों की योजना इस माह

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण इस माह के अंत तक विभिन्न सेक्टरों में 12 औद्योगिक भूखंडों की योजना लांच करेगी। इन सभी का आवंटन ई-नीलामी के जरिए किया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-7, 8, 10 तथा 80 में लांच होने वाली औद्योगिक भूखंडों का आकार 100 वर्ग मीटर से 750 वर्ग मीटर तक होगा। इस आंवटन से नोएडा प्राधिकरण को करोड़ों रूपये के राजस्व की प्राप्ति होगी। बता दें कि हाल ही में हुई बोर्ड बैठक में नोएडा प्राधिकरण ने औद्योगिक भूखंड की योजना लाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की थी। इसके अलावा नर्सिंगहोम के लिए भी भूखंडों की योजना लांच करने की तैयारी चल रही है।

# सुपरटेक केपटाउन एओए पर एफआईआर पानी को कर रहे थे जहरीला

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-74 स्थित सुपरटेक केपटाउन सोसायटी में स्थापित सीवर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के मानकों के अनुरूप संचालित ना होने पर नोएडा प्राधिकरण ने कड़ी कार्रवाई की है। नोएडा प्राधिकरण के जल विभाग ने सोसायटी के पदाधिकारी के खिलाफ थाना सेक्टर-113 में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है प्राधिकरण द्वारा पूर्व में भी सोसायटी पर 3580000 रुपए का जुर्माना लगाया जा चुका है।

नोएडा प्राधिकरण के जल खंड-1 के प्रबंधक पवन बरनवाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में




बताया कि प्रावधानों के अनुरूप बनाई गई पर्यावरण सेल एवं नोएडा प्राधिकरण अधिकारियों द्वारा 27 जून को सेक्टर-74 स्थित सुपरटेक केपटाउन समिति का स्थलीय निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान परिसर में स्थापित एसटीपी मानकों के अनुरूप संचालित नहीं पाया गया। ग्रुप हाउसिंग सोसायटी द्वारा अनट्रीटेड सीवेज को ड्रेन में डाला जा रहा था। (शेष पृष्ठ-5 पर)

## क्राइम फाईल

### कंपनी से लैपटॉप फोन व इनवर्टर चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-3 क्षेत्र के सेक्टर-65 स्थित कंपनी से चोर ने एक लैपटॉप, तीन मोबाइल फोन, इनवर्टर व बैटरी चोरी कर ली।



गैलेक्सी रॉयल गौड़ सिटी दो में रहने वाले अभिनीत सिंह ने बताया कि 29 सेक्टर 65 में रॉयल मशीनरी के नाम से कंपनी है। 8 व 9 जुलाई की मध्य रात्रि को एक व्यक्ति उनकी कंपनी से एक लैपटॉप, तीन मोबाइल फोन इनवर्टर व बैटरी चोरी कर ले गया। पुलिस का कहना है कि पीड़ित अभिनीत सिंह की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है पुलिस चोर की तलाश में लगी हुई है।

### खुलेआम जुआ खेलते पकड़ा

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-58 पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से ताश की गड्डी व दांव पर लगी नगदी बरामद हुई है।



थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। सेक्टर-62 झुग्गी-झोपड़ी के पास मुखबिर ने सूचना दी थी कुछ लोग सेक्टर-62 सी ब्लॉक के रास्ते पर खुलेआम जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बताए स्थान पर छापा मारकर पप्पू, संजय, हरदयाल व दयाराम को दबोच लिया। उनके पास से ताश की गड्डी व 155 रुपए बरामद हुए। पकड़े गए जुआरियों के खिलाफ सार्वजनिक जुआं अधिनियम की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

### घर से चली गई किशोरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के थाना कासना में एक महिला ने अपनी नाबालिक किशोरी को बहला-फुसलाकर भाग ले जाने का आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता के मुताबिक आरोपी ने उसकी बेटी को काम दिलाने के बहाने उसके आधार कार्ड में उसकी उम्र बढ़वा दी थी।



डाढा गांव में किराए पर रहने वाली प्रीति (काल्पनिक नाम) ने बताया कि 25 जून को उनकी बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई। उसने 26 जून को थाना कासना में उसकी गुमशुदगी लिखवाई थी। पीड़िता के मुताबिक वह अभी अपने पैतृक गांव गई तो उसे उसकी बेटी का पुराना आधार कार्ड मिला जिसमें उसकी उम्र 16 वर्ष है। ग्रेटर नोएडा में कंपनी में काम करने वाले आमिर नामक युवक ने उसे कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर उसके आधार कार्ड में उसकी उम्र बढ़ा दी थी। उन्होंने बताया कि आमिर ही उनकी बेटी को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया है।

## बेटे के दोस्त ने दी बलात्कार की धमकी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-24 में एक महिला ने अपने बेटे के दोस्त के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने तथा बलात्कार करने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-12 में रहने वाली माया (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसके बेटे ने अपने दोस्त रोहित गुप्ता से पैसे उधार लिए थे। कुछ समय पूर्व उन्होंने उसके पैसे लौटा दिए। रोहित गुप्ता ने उसके बड़े बेटे के साथ 9 जुलाई को पैसों को लेकर गाली-गलौज कर उसके बारे में अभद्र टिप्पणी की। महिला का आरोप है कि अजय गुप्ता ने उसके बेटे को धमकी दी कि वह घर आकर उसकी मां के साथ बलात्कार करेगा। उसके बेटे ने घर आकर रोहित गुप्ता द्वारा दी गई धमकी की जानकारी उसे दी। रोहित की धमकी से पूरे परिवार में भय व्याप्त है।

# गाजियाबाद के बड़े शोरूम बनाते थे निशाना, मुठभेड़ में गिरफ्तार





**नोएडा (चेतना मंच)।** गाजियाबाद व आसपास के इलाकों में स्थित बड़े शोरूम में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह के 3 बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। स्वाट टीम अपराध शाखा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद व थाना इन्दिरापुरम पुलिस टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही में हिण्डन बैराज से कनावनी पुलिया की तरफ आने वाले रास्ते पर चोरी करने की योजना (शेष पृष्ठ-5 पर)

## तमंचे के साथ तीन बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट पुलिस ने अलग-अलग स्थान से तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तमंचे व कारतूस बरामद हुए हैं। पकड़े गए बदमाश आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे थे।

थाना सेक्टर-20 प्रभारी डीपी शुक्ला ने बताया कि पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर सेक्टर-18 मल्टी लेवल कार पार्किंग के पास से कैलाश सिंह को गिरफ्तार किया है। उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुए। पकड़ा गया आरोपी मूल रूप से अल्मोड़ा उत्तराखंड का रहने वाला है और हाल में सरस्वती विहार खोड़ा कॉलोनी गाजियाबाद में रह रहा है।

उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर सेक्टर-17 स्थित भेल कॉलोनी के पास से अभय उर्फ प्रिंस को गिरफ्तार किया गया। किसके पास से भी एक तमंचा का कारतूस बरामद हुआ। पकड़ा गया आरोपी राम विहार कॉलोनी बंथला गाजियाबाद का रहने वाला है।

वहीं थाना रबूपुरा पुलिस ने ग्राम चक जलालाबाद की ओर जाने वाले मूंज खेड़ा रोड से निसार को गिरफ्तार किया। निसार के पास से तलाशी में एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह तमंचे के बल पर छीना-झपटी की वारदातों को अंजाम देता है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है।

# हैबतपुर में चला 'बाबा का बुल्डोजर'

## करोड़ों की जमीन अतिक्रमण से मुक्त



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** एनजीटी के आदेश के बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बुल्डोजरों ने शुक्रवार सुबह हैबतपुर गांव में करोड़ों की जमीन पर किए गए अवैध कब्जे को मिट्टी में मिला दिया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने लगभग 30 हजार स्क्वायर मीटर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करायाहै। बताया जाता है कि बाजार में इस जमीन की कीमत 30 करोड़ रूपये है।

डिवीजन वन के वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात शंकर ने बताया कि एनजीटी के आदेश के तहत यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि आज सुबह भारी पुलिस फोर्स के साथ हैबतपुर गांव पहुंचकर अतिक्रमण की गई जमीन पर कार्रवाई की गई।

इस अवसर पर प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ-साथ भारी पुलिस बल तैनात रहा। अतिक्रमण हटाते समय लोगों की भीड़ भी काफी संख्या में मौके पर एकत्रित हो गई थी। वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात शंकर ने बताया कि 30 करोड रुपए मूल्य की जमीन को आज मुक्त कराया गया है।

# 7 करोड़ की लागत से होगा सेक्टर-94 एनिमल शेल्टर का कायाकल्प

**नोएडा (चेतना मंच)।** आरोपों तथा प्रत्यारोपों से घिरे सेक्टर-94 स्थित एनिमल शेल्टर का अब 7 करोड़ की लागत से कायाकल्प किया जाएगा। इस दौरान निर्माण के अलावा पशुओं के रखरखाव व इलाज की सुविधाएं भी बढ़ाई जाएंगी। यह जानकारी नोएडा प्राधिकरण के ऊपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ) संजय खत्री ने दी।

उन्होंने बताया कि यहां पशुओं के लिए अलग-अलग वार्ड बनाए जाएंगे। इसमें गाय के लिए अलग डॉग्स और अन्य पशुओ के लिए अलग वॉर्ड होगा। डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज किया जाएगा। ये



काम शुरू कर दिया गया गया है। आगामी छह महीने में इसे पूरा किया जाएगा। इसके लिए प्राधिकरण करीब 7 करोड़ रुपए खर्च कर रही है।

नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ संजय खत्री ने बताया कि यहां पशुओं के जो शैल्टर क्षतिग्रस्त है। उनको तोडकर नया बनाया जा रहा है। इसके अलावा ओपीडी और आईपीडी का निर्माण किया जा रहा है। इसमें किचन भी बनाया जा रहा है। इसके अलावा पशुओं के ट्रीटमेंट के लिए नए शेड और पशुओं के लिए बडे शैड बनाए जा रहे है। वहीं डॉग, मंकी और बर्ड और केट केज का भी निर्माण किया जाएगा। यहां पशुओं के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था भी रहेगी।

स्टॉफ के लिए शौचालय का निर्माण किया जाएगा। सड़क तथा नालियों का निर्माण होगा। इसके साथ ही एनिमिल शेल्टर के मुख्य प्रवेश का रेनोवेशन कराया जा रहा है। ये सभी कार्य आगामी छह महीने में पूरा किया जाएगा। इसके बाद यहां डॉक्टरों को अपाइंट किया जाएगा। साथ ही पशुओ का इलाज शुरू होगा।

# आतंक को फंडिंग

आतंकवाद पर एक सनसनीखेज खुलासा सामने आया है। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (फाट्फ) की एक रपट में यह चौंकाने वाला आयाम बेनकाब हुआ है कि अमेजन जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन, सोशल मीडिया के जरिए आतंकवाद की फंडिंग की जाती रही है। आतंकियों ने अमेजन प्लेटफॉर्म के जरिए ऐसा विस्फोटक हासिल किया, जिसने पुलवामा, 2019 के आतंकी हमले को और भी तीक्ष्ण बना दिया। नतीजतन सीआरपीएफ के 40 जवान 'शहीद' हुए थे। यह हमला पाकिस्तान स्थित 'जैश-ए-मुहम्मद' के आतंकियों ने किया था, यह निष्कर्ष विभिन्न जांच-रपटों के जरिए सार्वजनिक हो चुका है। फाट्फ की रपट में यह भी सामने आया है कि पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए यह कहा गया है कि 'किसी की आर्थिक मदद के बिना' यह हमला संभव नहीं था। यह हमला 'लश्कर-ए-तैयबा' के मुखौटा संगठन 'टीआरएफ' के आतंकियों ने किया था। यह वैश्विक तथ्य है कि लश्कर और उसका सरगना हाफिज सईद पाकिस्तान में ही है। फाट्फ ने यह भी दावा किया है कि 2022 में उप्र के गोरखनाथ मंदिर पर हमला करने वाले आतंकी को पेमेंट 'पेपाल' ऐप से किया गया था। फाट्फ ने इन दोनों हमलों को रपट में एक उदाहरण के तौर पर शामिल किया है। जब यह हकीकत बेनकाब हो चुकी है कि ई-कॉमर्स, ऐप, सोशल मीडिया के जरिए जिन आतंकी समूहों ने आर्थिक मदद प्राप्त की थी और वे पाकिस्तान में ही सक्रिय हैं, तो फाट्फ ने रपट में पाकिस्तान का नाम क्यों नहीं लिया? फाट्फ पहले भी 2-3 बार पाकिस्तान को 'ग्रे सूची' में डाल चुका है। अब भारत लगातार यह आग्रह कर रहा है कि पाकिस्तान न केवल आतंकियों को पनाह देता है, बल्कि फंडिंग के लिए हुकूमत की एजेंसियां भी आतंकियों की मदद करती रही हैं, तो फाट्फ पाकिस्तान की जांच कर उसे 'ग्रे सूची' में डालने से क्यों हिचक रहा है? 'ग्रे सूची' के बजाय अब पाकिस्तान को 'काली सूची' में डाल दिया जाना चाहिए। फाट्फ को भारत ने और अन्य देशों ने पर्याप्त साक्ष्य दिए हैं। पाकिस्तान में आतंकवाद 'खुला खेल' है। वहां के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो लगातार बयान दे रहे हैं कि यदि भारत सहयोग करे, तो पाकिस्तान मसूद अजहर और हाफिज सईद जैसे आतंकियों को भारत को सौंप सकता है। बिलावल सत्तारूढ़ गठबंधन के चेयरमैन हैं। फाट्फ इसे भी आधार बना कर कार्रवाई कर सकता है। रपट में यह भी गौरतलब है कि अमेजन का इस्तेमाल न केवल सामान खरीदने, बल्कि बेचने के लिए भी किया जा रहा है। आतंकी कम कीमत वाले सामान बेचकर और 'दान' मांग कर फंड जुटा रहे हैं। 'ट्रेड बेस्ड मनी लॉन्ड्रिंग स्कीम' के तहत एक व्यक्ति सामान खरीद कर अपने साथी को भेजता है, जो उसे दूसरे देश में बेच कर पैसे जुटाता है। फाट्फ ने अपने अध्ययन में पाया है कि आतंकी ऐसे प्लेटफॉर्म और ओपन मार्केट प्लेस से हथियार, रसायन और थ्रीडी प्रिंटिंग सामग्री खरीद रहे हैं। आतंकवाद इतना अहम सरोकार है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'ब्रिक्स शिखर सम्मेलन' के दौरान उठाया और 'साझा बयान' में इसे शामिल कराया। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में क्रोएशिया, घाना, त्रिनिडाड एंड टोबैगो, अर्जेन्टीना, ब्राजील के प्रवासों के दौरान आतंकवाद पर विश्व-मत तैयार करने की कोशिश की। 'ब्रिक्स' ने पहलगाम नरसंहार पर 'निंदा प्रस्ताव' भी पारित किया। अब यह 'ब्रिक्स' देशों के लिए नीतिगत सरोकार है कि वे हर स्तर के आतंकवाद का विरोध करें। आतंकवाद को सिर्फ हमला करने वाले आतंकियों तक ही सीमित नहीं रखा गया है, बल्कि उन्हें पनाह देने वाले, फंडिंग करने वाले, प्रायोजक देश भी आतंकवाद की परिधि में माने जाएंगे, लिहाजा उन्हें न्याय के कठघरे तक घसीट कर लाना होगा। इस तरह पाकिस्तान हर स्तर पर बेनकाब हो रहा है। बहरहाल भारतीय खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने खासतौर पर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को चेतावनी दी है कि यदि उन्होंने खाद्य सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। बहरहाल आतंक का एक चालाक खेल सामने आया है, जिसे यहीं कुचल देना चाहिए।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि जिन्होंने बिना किसी दूसरे संगी अथवा सहायक के अकेले ही (या स्वयं अपने को त्रिगुणरूप- ब्रह्मा, विष्णु, शिवरूप- बनाकर अथवा बिना किसी उपादान-कारण के अर्थात्? स्वयं ही सृष्टि का अभिन्ननिमित्तोपादान कारण बनकर) तीन प्रकार की सृष्टि उत्पन्न की, वे पापों का नाश करने वाले भगवान हमारी सुधि लें। हम न भक्ति जानते हैं, न पूजा, जो संसार के (जन्म-मृत्यु के) भय का नाश करने वाले, मुनियों के मन को आनंद देने वाले और विपत्तियों के समूह को नष्ट करने वाले हैं। हम सब देवताओं के समूह, मन, वचन और कर्म से चतुराई करने की बान छोड़कर उन (भगवान) की शरण (आए) हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सारद श्रुति सेषा रिषय असेषा जा कहुँ कोउ नहिं जाना।**
**जेहि दीन पिआरे बेद पुकारे द्रवउ सो श्रीभगवाना॥**
**भव बारिधि मंदर सब बिधि सुंदर गुनमंदिर सुखपुंजा।**
**मुनि सिद्ध सकल सुर परम भयातुर नमत नाथ पद कंजा॥**

सरस्वती, वेद, शेषजी और सम्पूर्ण ऋषि कोई भी जिनको नहीं जानते, जिन्हें दीन प्रिय हैं, ऐसा वेद पुकारकर कहते हैं, वे ही श्री भगवान हम पर दया करें। हे संसार रूपी समुद्र के (मथने के) लिए मंदराचल रूप, सब प्रकार से सुंदर, गुणों के धाम और सुखों की राशि नाथ! आपके चरण कमलों में मुनि, सिद्ध और सारे देवता भय से अत्यन्त व्याकुल होकर नमस्कार करते हैं॥

**दो0- जानि सभय सुर भूमि सुनि बचन समेत सनेह।**
**गगनगिरा गंभीर भइ हरनि सोक संदेह॥**

देवताओं और पृथ्वी को भयभीत जानकर और उनके स्नेहयुक्त वचन सुनकर शोक और संदेह को हरने वाली गंभीर आकाशवाणी हुई॥

**जनि डरपहु मुनि सिद्ध सुरेसा। तुम्हहि लागि धरिहउँ नर बेसा॥**
**अंसन्ह सहित मनुज अवतारा। लेहउँ दिनकर बंस उदारा॥**

हे मुनि, सिद्ध और देवताओं के स्वामियों! डरो मत। तुम्हारे लिए मैं मनुष्य का रूप धारण करूँगा और उदार (पवित्र) सूर्यवंश में अंशों सहित मनुष्य का अवतार लूँगा॥

**कस्यप अदिति महातप कीन्हा। तिन्ह कहुँ मैं पूरब बर दीन्हा॥**
**ते दसरथ कौसल्या रूपा। कोसलपुरीं प्रगट नर भूपा॥**

कश्यप और अदिति ने बड़ा भारी तप किया था। मैं पहले ही उनको वर दे चुका हूँ। वे ही दशरथ और कौसल्या के रूप में मनुष्यों के राजा होकर श्री अयोध्यापुरी में प्रकट हुए हैं॥ **(क्रमशः...)**

# बिहार चुनावों में महिलाओं पर दांव के निहितार्थ

बिहार में इस साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव आयोग ने अभी तक मतदान की तारीखों की घोषणा नहीं की है, लेकिन राज्य में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। विभिन्न राजनीतिक दल लुभावनी घोषणाएं कर रहे हैं, नये-नये मुद्दों को उछाला जा रहा है। गोपाल खेमका हत्याकांड हो या तंत्र मंत्र के चलते एक ही परिवार के पांच लोगों को जला देने की त्रासद घटना-नीतीश कुमार पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूचियों के विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान पर संदेह के सवालों के साथ मुखर विपक्षी दल इसके खिलाफ राजनीतिक लड़ाई के साथ ही कानून विकल्पों पर भी गंभीरता से विचार कर रहे हैं। इस बीच, एनडीए की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने एनडीए से दूरी बनाते हुए बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का संकेत देकर सियासी परिदृश्य को दिलचस्प बना दिया है। इन्हीं परिदृश्यों के बीच बिहार सरकार ने सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने के फैसला लेकर चुनावी सरगर्मियों को एक नया मोड़ दे दिया है। बिहार सरकार का यह निर्णय केवल एक चुनावी रणनीति भर नहीं, बल्कि एक गहरे सामाजिक परिवर्तन का संकेतक भी है। तय है कि इस बार के बिहार चुनाव के काफी दिलचस्प एवं हंगामेदार होंगे।

सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण के गहरे निहितार्थ हैं। एनडीए की नीतिश सरकार ने स्थानीय महिलाओं को प्राथमिकता देने एवं उनके लिए सरकारी रोजगार उपलब्ध कराने के इस ब्रह्मास्त्र को दाग कर चुनावी समीकरण अपने पक्ष में कर लिये हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसे महिला सशक्तिकरण का राजनीतिक समाधान बताया, क्योंकि राज्य की महिलाएँ कई चुनावों में निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। पिछली लोकसभा चुनाव में महिलाओं की मतदान दर पुरुषों से कहीं अधिक रही, 59.45 प्रतिशत महिलाओं ने हिस्सा लिया जबकि पुरुष केवल 53 प्रतिशत मतदान करने पहुंचे। यह आंकड़ा दिखाता है कि चुनावी जीत में महिला मतदाता कितनी निर्णायक हो सकते हैं, साफ है, सत्ता की चाबी वहां महिलाओं ने अपने हाथों में ले ली है और वे धार्मिक व जातिगत आग्रहों से अधिक लैंगिक हितों से प्रेरित हैं। बिहार उन शुरुआती राज्यों में एक है, जिसने पंचायत और स्थानीय निकायों में आधी आबादी के लिए पचास फीसदी सीटें आरक्षित की हैं। इस कदम ने यहां की स्त्रियों में जबर्दस्त राजनीतिक जागरूकता पैदा की है। चुनावों की दशा एवं दिशा बदलने में महत्वपूर्ण एवं निर्णायक किरदार निभाने के कारण ही हरेक राजनीतिक दल महिला वर्ग को आकर्षित करने में जुट गया है। राजद-कांग्रेस-वाम दलों का



महागठबंधन 'माई-बहिन मान योजना' के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपये देने का वायदा कर चुका है, तो राजद नेता तेजस्वी यादव बेरोजगारी और डोमिसाइल के मुद्दे को जोर-शोर से उठा रहे हैं। ऐसे में, नीतीश सरकार के इस नीतिगत दांव को समझा जा सकता है। जातिगत और स्थानीय समीकरण भुनाने के लिए निश्चित ही यह एक संगठित चाल है, जहां जाति और आवासीयता दोनों को आधार बनाया गया।

यह सर्वविदित तथ्य है कि भारत में शैक्षिक क्षेत्र में लैंगिक खाई लगातार सिमट रही है। बिहार की बेटियां देश के अनेक महानगरों में अपनी योग्यता और मेहनत के दम पर पहचान बना चुकी हैं। सूचना क्रांति, बढ़ती अपेक्षाओं और सामंती बंधनों के ढीले पड़ते जाने के कारण अब ग्रामीण बिहार की बेटियां भी ऊंचे सपने संजो रही हैं। हाल ही में बिहार में शिक्षकों की नियुक्ति के दौरान यह देखा गया कि देश के विभिन्न प्रदेशों की योग्य लड़कियां इंटरव्यू देने आईं, जिनमें से अनेक ने सफलता प्राप्त की और अब बिहार के सरकारी स्कूलों में अध्यापन कर रही हैं। निस्संदेह, यह एक सैद्धांतिक रूप से प्रगतिशील और समावेशी समाज का प्रतीक है, जहाँ महिलाएं सीमाओं से परे जाकर अपनी पहचान बना रही हैं। लेकिन व्यावहारिक धरातल पर देखें, तो महिला सुरक्षा, सामाजिक असमानता, आवास व पारिवारिक बाधाएं, और प्रवास की मजबूरियाँ अब भी मौजूद हैं। ऐसे में यदि सरकारें योग्य महिलाओं को उनके घर के आस-पास ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएं, तो यह न केवल महिला सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक कदम होगा, बल्कि सामाजिक संरचना में स्थिरता और पारिवारिक सहूलियत का भी कारण बनेगा। यही कारण है कि नीतीश कुमार सरकार महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए एक के बाद एक योजनाएं ला रही है। साइकिल योजना, पोशाक योजना, कन्या उत्थान योजना, वृद्धावस्था पेंशन में वृद्धि, पिंक टॉयलेट, महिला पुलिस भर्ती में आरक्षण जैसे कई कदम इस सिलसिले में पहले ही उठाए जा चुके हैं। यह मान्यता कि बेटियां अब सिर्फ अपने घरों की शोभा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की भागीदार हैं, नीति निर्माण में स्पष्ट झलकने लगा है। यह न केवल बिहार की महिलाओं को उनके अधिकार का अनुभव कराएगा, बल्कि बेरोजगारी से जूझते प्रदेश में स्थानीय प्रतिभा के पलायन को भी रोकेगा। इस फैसले से खास तौर पर निम्न और मध्यमवर्गीय महिलाओं को फायदा होगा, जिनके लिए दूसरे शहरों में जाकर नौकरी करना एक बड़ा पारिवारिक और सामाजिक संकट बन जाता है। घर के पास नौकरी मिलने से न केवल सुरक्षा की भावना बढ़ेगी, बल्कि समाज में महिलाओं की स्थायी उपस्थिति और भूमिका भी मजबूत होगी।

हालांकि इस फैसले को लेकर विपक्षी दलों की मिश्रित प्रतिक्रिया सामने आई है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने इसे नीतीश कुमार की चुनावी चाल बताया है और आरोप लगाया है कि सरकार महिलाओं की वास्तविक समस्याओं को दूर नहीं कर पा रही, बल्कि सिर्फ भावनात्मक मुद्दों को उछालकर वोट बटोरने की कोशिश कर रही है। तेजस्वी यादव का कहना है कि महिला आरक्षण सही है, लेकिन रोजगार के अवसर कब हैं? सरकारी नियुक्तियों की प्रक्रिया वर्षों से लटकी रहती है, परीक्षा की तारीखें टलती हैं, नियुक्ति पत्र देर से आते हैं, ऐसे में आरक्षण का लाभ कब और किसे मिलेगा? उनकी बातों में सच्चाई भी है, क्योंकि प्रक्रियाओं की पारदर्शिता और समयबद्धता भी उतनी ही आवश्यक है जितनी आरक्षण की नीति। यह महिला आरक्षण अब केवल बिहार के स्थायी निवासियों अर्थात डोमिसाइल महिलाओं के लिए ही होगा। यानी जो महिलाएं राज्य की स्थायी निवासी नहीं हैं, उन्हें इस आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा-उन्हें सामान्य श्रेणी में आवेदन करना होगा। इसलिये इसे केवल घरेलू हितों को साधने वाला प्रत्यक्ष प्रचार माना जा रहा है, जिसमें गैर-स्थायी निवासियों को अवसरों से वंचित किया जा रहा है। विपक्ष इस कदम को डोमिसाइल नीति के अनुरूप बताते हुए सवाल उठा रहा है कि क्या इससे सामाजिक न्याय और समान अवसर की भावना नहीं बिगड़ जाएगी?

बिहार में बेरोजगारी चुनावी चर्चा का मुख्य मुद्दा है। युवा खासकर उच्चशिक्षित वर्ग नौकरी की तलाश में है। 35 ? प्रतिशत आरक्षण के साथ-साथ सरकार ने वेकेंसी क्रिएशन, युवा आयोग गठन, कृषि व सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च जैसे उपाय किए है। 2025 के बिहार चुनाव बहुआयामी लड़ाई से परिपूर्ण है, जातिगत समीकरण, युवा और ग्रामीण विकास, मतदाता सूची संशोधन जैसे मुद्दों ने चुनावी माहौल को गहराई दी है। सरकार ने पिछले बजट में 'महिला हाट', 'पिंक बस', 'पिंक टॉयलेट', स्कूल जाने वाली लड़कियों के लिए साइकिल योजनाएं, दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए संबल वित्तीय सहायता जैसी महिलाओं को लुभाने वाली योजनाओं के प्रावधान किये हैं। नीतीश सरकार ने चुनावों को देखते हुए सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत मिलने वाली राशि में भारी बढ़ोतरी की घोषणा की है। अब वृद्ध, दिव्यांग और विधवा महिलाओं को प्रतिमाह 400 रुपए की बजाय 1100 रुपए पेंशन मिलेगी। इस घोषणा के बाद पूरे बिहार में पेंशन के 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार लाभार्थियों में हर्ष का माहौल दिखाई दे रहा है।

यह कहना उचित होगा कि बिहार की राजनीति इस बार स्थानीयता, जातिगत समीकरण और सामाजिक कल्याण के मिश्रित आरोपणों के बीच गंभीर मुठभेड़ के दौर से गुजर रही है। चुनाव नतीजे यह तय करेंगे कि क्या यह रणनीतियाँ सचमुच सतत परिवर्तन की ठोस बुनियाद रखेंगी, या चुनावी भाषण के बाद हवा में खो जाएँगी। नवीनतम ओपिनियन पोल बताते हैं कि एनडीए फिर सत्ता में लौट सकता है, खासकर महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के बीच मजबूत समर्थन के चलते। वहीं, महागठबंधन (आरजेडी, कांग्रेस, अन्य) जातीय समीकरण (ईबीसी-ओबीसी) का आधार लेकर मुकाबले में है।

**- ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

# कविता पाठ व साहित्यक मंथन के संग हुआ 'मुक्तांचल-46' का लोकर्पण

हावड़ा, साहित्यिक पत्रिका 'मुक्तांचल' के 46वें अंक (अप्रैल-जून 2025) का लोकार्पण समारोह हावड़ा स्थित 'आधुनिक अपार्टमेंट' के सभागार में संपन्न हुआ। यह केवल एक पत्रिका के लोकार्पण का अवसर नहीं था, बल्कि विचारों, संवेदना और समकालीन सामाजिक प्रश्नों पर गंभीर विमर्श का जीवंत मंच था।

लोकार्पण सत्र में 'मुक्तांचल-46' की प्रति बलराम साव द्वारा मंच पर प्रस्तुत की गई। इसके बाद सभी मंचासीन अतिथियों ने सामूहिक रूप से पत्रिका का लोकार्पण किया।

समकालीन व्यंग्य के सजग हस्ताक्षर डॉ. पंकज साहा ने मुक्तांचल के इस अंक में प्रकाशित लेखों -विशेषकर धनेश दत्त पाण्डेय, सुभाषचन्द्र गुप्त और रजनी शर्मा के लेखों और कहानी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पत्रिका में प्रकाशित यात्रा-वृत्तांत और साक्षात्कार पठनीय हैं और यह अंक समकालीन साहित्य को नई दृष्टि प्रदान करता है।

कथाकार सेराज खान बातिस ने बेहद प्रखर और चिंतनशील वक्तव्य देते हुए कहा कि धर्म का अंधविश्वास आज सबसे बड़ी सामाजिक विडंबना बन गया है। जब योग्य लोग भी मजारों पर चादर चढ़ाकर अपनी प्रतिभा को भाग्य के हवाले कर देते हैं, तब यह समाज के लिए चिंता का विषय बन जाता है। उन्होंने मुहर्रम को याद करते हुए न्याय, सत्य और नैतिकता का संदेश दिया।

पत्रिका की संपादक डॉ. मीरा सिन्हा ने कहा कि मुक्तांचल केवल एक साहित्यिक पत्रिका नहीं, बल्कि विचारशीलता का मंच है। उन्होंने वरिष्ठ साथियों से आग्रह किया कि वे इस मंच को अपना सक्रिय अवदान और साहित्यिक आयोजनों को सहयोग दें।

शिक्षाविद डॉ. विजया सिंह ने समाज में नैतिकता के ह्रास की बात करते हुए कहा कि पहले नकल करते हुए शर्म आती थी, पर अब उस लज्जा का लोप हो गया है। समाज में जो 'दूरी' की भावना बढ़ रही है, वह समाज के विघटन का संकेत देती है। उन्होंने मानसिकता में बदलाव की आवश्यकता पर बल दिया।

डॉ. विनय कुमार मिश्रा ने कहा कि प्रेमचंद जैसी कहानियाँ अब इसलिए नहीं लिखी जा रही हैं, क्योंकि लेखक अब गाँव को छोड़ महानगरों में बस गए हैं। उन्होंने प्रेमचंद, फणीश्वरनाथ रेणु और सतीनाथ भादुड़ी के साहित्य को आदर देते हुए समकालीन कथ्य की दिशा पर गंभीर टिप्पणी की।




डॉ. प्रकाश कुमार अग्रवाल ने साहित्य में मौलिकता की कमी को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आज अधिकतर लेखन 'कॉपी-पेस्ट' जैसा है। यह साहित्य के लिए और समाज के लिए भी दुर्भाग्यपूर्ण है।

प्रधानाचार्य विवेक लाल ने शिक्षा व्यवस्था की बदहाल स्थिति को उजागर करते हुए कहा कि शिक्षक कैन्टीन चला रहा है, शोधार्थी 10 किताबों से 11वीं बना रहा है। यह शोध, ज्ञान नहीं, साक्षरता का भ्रम है।

शिक्षक व कवि प्रकाश त्रिपाठी ने भोजपुरी और हिंदी के अंतर्संबंधों पर बात की। उन्होंने कहा, भोजपुरी और हिंदी विरोधी नहीं, सहगामी भाषाएँ हैं। इन दोनों के बीच पुल बनाए जाने की आवश्यकता है।

**गाथा प्रकाशन का परिचय - साहित्यिक दृष्टि का संस्थागत रूप**

इस आयोजन में गाथा प्रकाशन की औपचारिक घोषणा भी की गई। सुशील कुमार पाण्डेय ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह प्रकाशन केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि भारतीय भाषाओं और साहित्यिक चेतना को समर्पित एक आंदोलन है। आगे उन्होंने कहा कि गाथा प्रकाशन शोधपरक, प्रामाणिक साहित्य का प्रकाशन के साथ ही साथ नवोदित लेखकों को मंच देगा। उन्होंने मुक्तांचल की संपादक डॉ. मीरा सिन्हा के नेतृत्व को प्रकाशन के अस्तित्व का प्रेरणास्त्रोत माना।

**कविता पाठ**

काव्य सत्र में रमाकांत सिन्हा, भारती मिश्रा, अक्षिता साव, स्वराज पाण्डेय ने भावप्रवण कविताएँ प्रस्तुत कीं। दुष्यंत कुमार, जयशंकर प्रसाद और कैलाश गौतम की रचनाओं ने माहौल को साहित्यिक ऊर्जा से भर दिया। विद्यार्थी मंच से नए जुड़े सदस्य तृप्ति दुबे और उपदेश दर्जी ने अपना परिचय दिया।

पद्माकर व्यास ने आयोजन के सभी सहयोगियों, वक्ताओं और श्रोताओं के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन विनोद यादव ने किया।

साहित्यिक कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदीप कुमार धानुक, त्रिनेत्रकांत त्रिपाठी, डॉ. रमाशंकर सिंह, डॉ. नागिना लाल दास, शशि साव, ओम प्रकाश चौबे, धीमान मंडल व एनी का सहयोग रहा।

# राशिफल

**श्रावण माह, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। पिता का साथ होगा। भाग्य साथ देगा। स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार अच्छा रहेगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
महत्वपूर्ण कार्यों को शाम के बाद प्लान करें। स्वास्थ्य में सुधार हो जाएगा। प्रेम-संतान भी अच्छा हो जाएगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान का साथ होगा। व्यापार अच्छा होगा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
कर्क राशि की स्थिति अच्छी कही जाएगी। स्वास्थ्य धीरे-धीरे सुधार की ओर। प्रेम की स्थिति पहले से अच्छी हो जाएगी।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
थोड़ा परेशानी भरा समय रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। लेकिन प्रेम-संतान व व्यापार अच्छा रहेगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भावुकता पर काबू रखें। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तूतू-मैंमैं से बचें। स्वास्थ्य अच्छा है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
गृहकलह के संकेत हैं। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम-संतान अच्छा है। व्यापार अच्छा है। भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी का संयोग बन रहा है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
पराक्रम रंग लाएगा। व्यावसायिक सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार भी अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। लिक्विड फंड में बढ़ोतरी होगी। अपनों की स्थिति मजबूती होगी और अपनों की संख्या बढ़ेगी।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
स्वास्थ्य में सुधार हो जाएगा। प्रेम, संतान अच्छा रहेगा व व्यापार अच्छा रहेगा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। यात्रा का योग बनेगा। स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार अच्छा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
शुभ समय कहा जाएगा। व्यापारिक स्थिति अच्छी है। आय की स्थिति अच्छी है।

# एमिटी समूह के संस्थापक डॉ. अशोक चौहान ''एग्रीकल्चर लीडरशिप अवार्ड 2025'' से सम्मानित

**नोएडा ( चेतना मंच )।** राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष पहचान बना चुके एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष व प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ. अशोक कुमार चौहान को उनके वैश्विक योगदान के लिए देश का प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया है। प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ. अशोक चौहान के दूरदर्शी नेतृत्व में आज एमिटी शिक्षण समूह शिक्षा, अनुसंधान और सतत विकास में अग्रणी रूप से कार्य कर रहा है।

एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष व प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ. अशोक कुमार चौहान को केन्द्रीय वाणिज्य एंव उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने नई दिल्ली में आयोजित 16वें एग्रीकल्चर लीडरशिप कॉनक्लेव में ''एग्रीकल्चर लीडरशिप अवार्ड 2025'' से सम्मानित किया।

भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति पी. सदाशिवम की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय पुरस्कार समिति ने कृषि नवाचार को आगे बढ़ाने, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने और कृषि में स्थिरता को बढ़ावा देने में उनके वैश्विक योगदान के लिए डॉ. चौहान को इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुना। डॉ. अशोक कुमार चौहान के दूरदर्शी नेतृत्व में एमिटी शिक्षण समूह, शिक्षा, अनुसंधान और सतत विकास में अग्रणी के रूप में उभरी है, जिसमें कृषि एक प्रमुख फोकस क्षेत्र है। खाद्य सुरक्षा, जलवायु लचीलापन और ग्रामीण समृद्धि से संबंधित उनके सराहनीय प्रयासों ने समाज के उत्थान में बहुत योगदान दिया है, जिससे राष्ट्र निर्माण और शिक्षा के माध्यम से अनुसंधान में निहित परिवर्तनकारी नेतृत्व का उदाहरण प्रस्तुत हुआ है।




सम्मेलन के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, पीयूष गोयल ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, कृषि क्षेत्र ने अभूतपूर्व प्रगति की है और यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। किसान प्रधानमंत्री के ''लोकल से ग्लोबल'' मिशन को पूरा करके भारत को आत्मनिर्भर बना रहे हैं और यह कृषि क्षेत्र विकासशील भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष व प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. अशोक कुमार चौहान ने हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा यह प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय नेतृत्व पुरस्कार प्राप्त करते हुए मैं अत्यंत सम्मानित महसूस कर रहा हूँ। कृषि दुनिया भर में लाखों लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करती है और देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देती है। यह पुरस्कार कृषि क्षेत्र में सार्थक प्रभाव डालने के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और शिक्षा को एकीकृत करने के हमारे मिशन का प्रमाण है। हाल ही में, हमारी छात्रा सुश्री सुहानी चौहान ने ''सो-एप्ट एग्रो व्हीकल'' एक अनोखा सौर ऊर्जा चालित कृषि वाहन विकसित किया है, जिसके लिए उन्हें प्रधानमंत्री बाल पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया। एमिटी में हम उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने में विश्वास करते हैं और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करते हैं, जिससे 2047 तक भारत को एक वैश्विक महाशक्ति बनाने के मिशन में योगदान मिल सके।

इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, ओडिशा के उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव और भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एवं जूरी अध्यक्ष न्यायमूर्ति पी. सदाशिवम सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## नकली ब्रेक शू बनाने वाले गोदाम पर छापा संचालक गिरफ्तार

**लोनी।** नकली कंपनी के ब्रेक शू बनाने वाली सेवाधाम महामाया कुंज कॉलोनी स्थित गोदाम पर कंपनी कर्मी और पुलिस ने छापा मारा। टीम को मौके से भारी मात्रा में ब्रेक शू मिले हैं। कंपनी कर्मी की शिकायत पर पुलिस ने संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है।

एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार ने बताया कि दिल्ली संत नगर के बुराड़ी निवासी रविंद्र सिंह ने बताया कि वह एएसके ऑटोमोटिव लिमिटेड कंपनी करोल बाग के अधिकृत एजेंट है। कंपनी ने उन्हें नकली ब्रेकशू बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अधिकृत कर रखा है। उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले लोनी बार्डर थानाक्षेत्र स्थित सेवा धाम मंदिर के पास कंपनी के नाम से नकली ब्रेक शू बनाए जाने और उन्हें कम दामों पर बेचे जाने की सूचना मिल रही थी। पुलिस उनके साथ उन्होंने गोदाम में छापा मारा। मौके पर कंपनी के नाम से बना गए नकली ब्रेक शू बरामद हुए। पुलिस ने मौके से फैक्टरी मालिक शाहदरा निवासी मनोज शर्मा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बताया कि वह अपने भाई अमित शर्मा के साथ मिलकर ब्रेक शू बनाकर सस्ते दामों में बेचता था। पुलिस को मौके से 762 ब्रेक शू और उन्हें बनाने का सामान व उपकरण बरामद किया।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com



### उत्तर मध्य रेलवे

ई -टेन्डर न.: पी.आर.वाई.जे.-सिग-405-2025-26 दिनांक : 08.07.2025

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता / समन्वय/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 06.08.2025 को 15:00 बजे** तक आमन्त्रित की जाती है।

**कार्य का विवरण** : "प्रयागराज डिवीजन के सीनियर डी.एस.टी.ई / अलीगढ़ के अनुभाग में स्थापित एफ्ट्रोनिक्स मेक डेटालॉगर सिस्टम की तीन साल की अवधि के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव का अनुबंध।"

**अनुमानित मूल्य (₹ में)** : ₹ 12924615.24/- (₹ एक करोड़ उनतीस लाख चौबीस हजार छः सौ पंद्रह रुपये और चौबीस पैसा केवल)

**निविदा प्रतिभूति/धरोहर राशि (₹ में)** : ₹ 214600.00

**कार्य समापन की अवधिः** 36 माह | **निविदा बंद होने / खुलने की तिथि** : 06.08.2025

**2. निविदा प्रपत्रों की उपलब्ध** :निविदा प्रपत्र **www.ireps.gov.in** पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेंगे।

**3. बयाने की राशि जमा करना एवं उसका रूपः** निविदाओं में निर्धारित उपरोक्त धरोहर राशि निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाइन इन्टरनेट बैंकिंग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे द्वारा जमा की जाएगी। यदि निविदादाता धरोहर राशि उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में जमा करते हैं तो उनका निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा। बिना उचित धरोहर राशि के निविदा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और पूर्णतः अस्वीकृत कर दी जाएगी।

**4. निविदा खुलने का समय, तिथि एवं स्थान :** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि को **15.30 बजे** या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मंडल रेल प्रबन्धक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जाएगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जाएगी।

**5. निविदा की वैधता :** निविदा खुलने के 60 दिन तक।

**6. निविदा सम्बंधित रेलवे के अधिकार :** रेलवे प्रशासन का किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित / संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। **1198/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

### उत्तर मध्य रेलवे

Letter No.:- DRM/C/AGRA/PAY & USE/POLICY/2024 Dated-09.07.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक-आगरा** द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी अमांत्रित की गयी है, विवरण निम्न प्रकार हैः-

**श्रेणीः** क्लॉक रूम | **नीलामी केटलॉग संख्याः** Agra-Cloak-25-2

**एसेट्स डिटेल्सः** मथुरा जं. के प्लेटफॉर्म संख्या 01 रेलवे स्टेशन पर क्लॉक रूम का संचालन एवं रख-रखाव।

**ई-नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समयः दिनांकः 25.07.2025** समयः **11.00**

**ई-नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समयः दिनांकः 25.07.2025** समयः **11.30**

**नोटः** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाईन वेबसाइट- **www.ireps.gov.in** के **E-Auction Module** के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। **1203/25 FA**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

### उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

उप० मु० सिग० एवं दू० सं० अभि० / नि० / पी० स० / नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निर्धारित प्रपत्र पर सील्ड ई–निविदा (द्वी पैकेट प्रणाली) निम्नलिखित कार्य के लिए IREPS की वेब साइट पर आमंत्रित कर रहे है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम एवं स्थान | उत्तर रेलवे के डीएलआई मंडल के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के संबंध में नई दिल्ली स्टेशन पर वितरित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम के साथ एस एंड टी कार्य (इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग कार्य). |
| 2. | पूरा होने की अवधि | एलओए जारी होने की तारीख से 18 महीने |
| 3. | कार्य की अनुमानित लागत | रु0 47.91 करोड़ |
| 4. | धरोहर राशि | रु0 25,45,300/– (पच्चीस लाख पैंतालीस हजार तीन सौ केवल) (केवल ऑन लाइन जमा किया जाना है) |
| 5. | स्थान जहाँ से निविदा फॉर्म खरीदा जा सकता है | उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज IREPS की वेब साइट www.ireps.gov.in पर 15.07.2025 to 12.08.2025 के बीच 11.30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। |
| 6. | निविदा फॉर्म जमा करने की आखरी तारीख एवं समय | उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज फार्म 12.08.2025 upto 11.30 AM तक IREPS वेबसाइट पर जमा कराये जा सकते है। निविदाकर्ता द्वारा निविदा दस्तावेज 29.07.2025 से 12.08.2025 तक आईआरईपीएस वेबसाइट पर अपलोड किए जा सकते हैं। |
| 7. | निविदा खुलने की तारीख एवं समय | ई–निविदा दिनांक 12.08.2025 at 11.30 बजे खोला जाएगा। |

संख्याः 570–सिग–पी0स0–निविदा–137 दिनांकः 10.07.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2096/25




**कुछ मामूली सावधानियां और उच्च वोल्टेज विद्युत उपकरणों से दूरी बनाने भर से सुरक्षित रहने में मदद मिलेगी**

- बिजली के खंभों, वायर, सब-स्टेशन, ट्रांसफार्मर और स्ट्रीटलाइट आदि से दूर रहें।
- बच्चों को बिजली के उपकरणों के आसपास न खेलने दें और ऐसे पार्क में ना खेलें जहां पानी भरा हो और पार्क की रेलिंग को छूने से भी बचे।
- अगर आपको कोई गिरा हुआ केबल, पोल, बाहर की ओर निकली हुई वायरिंग या सड़क पर खुदाई दिखे तो इसके बारे में निकटतम रेलवे कर्मचारी को बताएं।
- किसी इलेक्ट्रिसिटी सिस्टम में हुकिंग करके बिजली चोरी करने की कोशिश से सुरक्षा को लेकर गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। बिजली चोरी की घटनाओं के बारे में कृपया जानकारी दें।

**"RAILWAY BIJLI SAMADHAAN" (RBS) डाउनलोड करें**

Scan **QR code** to download app

RBS APP को खोले, मोबाइल नंबर की मदद से स्वयं को रजिस्टर करें।

विद्युत सम्बन्धी अपनी शिकायत को APP के माध्यम से दर्ज़ कराएं।

- बिना योजना के खुदाई करने या ट्रेंचलेस मशीन का इस्तेमाल करने से इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई बाधित हो सकती है। सभी संबंधित विभाग जैसे नगर निगम विभाग, राज्य बिजली बोर्ड और रेलवे विभाग (इंजीनियरिंग, सिग्नल और दूरसंचार) से अनुरोध है कि ऐसी किसी भी काम की जानकारी नीचे दिए मोबाइल नंबर पर दें। 2089/25

DANGER खतरा

संपर्क करें: 011-42627151, 9717632789 9717633727

उत्तर रेलवे

www.nr.indianrailways.gov.in

हमें फॉलो करें: /RailMinIndia

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ओमेगा–1 (पी–2), ग्रेटर नौएडा

Toll Free No. 18001808296 वेबसाइट : www.yamunaexpresswayauthority.com

YEIDA FUTURE IS HERE

पत्रांक : वाई.ई.ए. / भूलेख (आर.डी.) 181 / 2025 दिनांक : 01/07/2025

**सार्वजनिक सूचना**

निम्नलिखित भूमि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा अपनी सहमति के आधार पर काश्तकारों से क्रय किया जाना प्रस्तावित है :–

ग्राम म्याना, सैक्टर–05, 11 के अन्तर्गत

| क्र. सं. | सै0 / ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | खसरे का कुल क्षेत्रफल (है0 में) | खातेदार का नाम व पता | तहसील से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर काश्तकार का हिस्सा (है0 में) | काश्तकार का विक्रय हेतु क्षेत्रफल (है0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | म्याना (सैक्टर–05) | 60 | 153 | 1.1920 | किरनपाल सिंह पुत्र स्व0 नरपत सिंह नि0 ग्राम खानपुर डाकखाना कासना तह0 सदर जिला गौतमबुद्वगनर | 0.1265 | 0.1265 |
| 02 | म्याना (सैक्टर–05) | 177 | 134 | 0.4030 | महा देवी पत्नी देवदत्त नि0 ग्राम कल्लूपुरा | 0.0252 | 0.0252 |
| 03 | म्याना (सैक्टर–05) | 236 | 118मि0 | 3.1820 | नितिन शर्मा, विपिन शर्मा, सचिन शर्मा, व राजवती शर्मा पत्नी हरिकिशन शर्मा नि0 चौडा सादुलपुर सै0 22 नोएडा | 0.0632 | 0.0632 |
| 04 | म्याना (सैक्टर–05) | 203 | 65 | 0.9640 | रामरतन पुत्र देवीराम कल्लूपुरा, जिला गौतमबुद्वनगर | 0.1927 | 0.1927 |
| 05 | म्याना (सैक्टर–05) | 203 | 65 | 0.9640 | अशोक कुमार शर्मा पुत्र देवी राम शर्मा उर्फ देवीसरन नि0 ग्राम कल्लूपुरा | 0.1928 | 0.1928 |
| 06 | म्याना (सैक्टर–05) | 87 | 86 | 1.9510 | राकेश कुमार शर्मा पुत्र रती राम शर्मा नि0 चौडा सादतपुर | 0.0632 | 0.0632 |
| 07 | म्याना (सैक्टर–05) | 87 | 86 | 1.9510 | गौरव कुमार शर्मा पुत्र रामदत्त शर्मा नि0 सी0 1/1 आवंतिका गा0वाद | 0.0633 | 0.0633 |
| 08 | म्याना (सैक्टर–05) | 131 | 123 | 0.1520 | श्रीमति प्रीति कुमारी पत्नी रमाकान्त शर्मा नि0 म0न0 23 गली न0 14 ब्लाक –सी, दयालपुर दिल्ली | 0.1520 | 0.1520 |
| 09 | म्याना (सैक्टर–05) | 128<br>76<br>129 | 98<br>107<br>122 | 0.6310<br>0.1690<br>0.3040 | दौलतराम शर्मा पुत्र सोरन नि0 कल्लूपुरा | 0.3155<br>0.0422<br>0.1520 | 0.3155<br>0.0422<br>0.1520 |
| 10 | म्याना (सैक्टर–05) | 128<br>76<br>129 | 98<br>107<br>122 | 0.6310<br>0.1690<br>0.3040 | प्रमोद कुमार शर्मा पुत्र सोरन नि0 कल्लूपुरा | 0.3155<br>0.0422<br>0.1520 | 0.3155<br>0.0422<br>0.1520 |
| 11 | म्याना (सैक्टर–05) | 86 | 97 | 0.6510 | प्रकाश चन्द पुत्र किशनलाल नि0 कल्लूपुरा | 0.3255 | 0.3255 |
| 12 | म्याना (सैक्टर–05) | 86 | 97 | 0.6510 | दलीप चन्द पुत्र किशनलाल नि0 कल्लूपुरा | 0.3255 | 0.3255 |
| 13 | म्याना (सैक्टर–11) | 201 | 08 | 0.8690 | रामचरन शर्मा पुत्र रन सिंह नि0 कल्लूपुरा | 0.8690 | 0.8690 |
| 14 | म्याना (सैक्टर–05) | 177 | 134 | 0.4030 | विनोद कुमार पुत्र देवदत्त नि0 कल्लूपुरा | 0.0252 | 0.0252 |
| 15 | म्याना (सैक्टर–05) | 238 | 242 | 1.6400 | लेखराज सिंह पुत्र रामचरन व श्रीपाल पुत्र इतवारी नि0 बिरोडी चक्रसैनपुर | 0.2733 | 0.2733 |
| 16 | म्याना (सैक्टर–05) | 238 | 242 | 1.6400 | रोहताश पुत्र शिम्भुदयाल नि0 तिरथली | 0.1270 | 0.1270 |
| 17 | म्याना (सैक्टर–05) | 203 | 65 | 0.9640 | सुमन पत्नी अशोक चन्द नि0 कल्लूपुरा | 0.2754 | 0.2754 |
| 18 | म्याना (सैक्टर–05) | 10 | 180 | 1.4350 | शकुन्तला देवी पत्नी धर्मसिंह, देवेन्द्र सिंह भाटी, पुत्र अमर सिंह नि0 ग्राम आकलपुर | 0.3587 | .0.3587 |
| 19 | म्याना (सैक्टर–05) | 236 | 118 | 3.1820 | संजय शर्मा पुत्र गोकल नि0 कल्लूपुरा | 0.8778 | 0.8778 |
| 20 | म्याना (सैक्टर–05) | 224<br>225 | 130<br>52 | 2.1870<br>0.5910 | सोनपाल पुत्र श्यामा नि0 म्याना | 0.0274<br>0.0147 | 0.0274<br>0.0147 |
| 21 | म्याना (सैक्टर–05) | 274 | 121 | 0.4510 | रजनी पत्नी बन्टी शर्मा उर्फ विपिन कुमार नि0 कल्लूपुरा | 0.1503 | 0.1503 |
| 22 | म्याना (सैक्टर–11) | 238 | 242 | 1.6400 | दिलसुख पुत्र हरस्वरूप नि0 सालारपुर | 0.1685 | 0.1685 |
| 23 | म्याना सैक्टर–10<br>सैक्टर–11<br>सैक्टर–11 | 90<br>168<br>90 | 231<br>240<br>237 | 0.0190<br>0.2020<br>0.1420 | नरेन्द्र सिंह नागर पुत्र हर गोविन्द्र सिंह नि0 मौहम्मदपुर गूर्जर तहसील व जिला गौतमबुद्वनगर | 0.0076<br>0.0784<br>0.0568 | 0.0076<br>0.0784<br>0.0568 |
| 24 | म्याना (सैक्टर–05) | 147 | 50 | 0.9480 | भूपेश भाटी, लोकेश कुमार, नितिश सिंह भाटी पुत्रगण रतन सिंह व नीतू भाटी पत्नी दीपेश भाटी | 0.0631 | 0.0631 |
| 25 | म्याना (सैक्टर–05) | 147 | 50 | 0.9480 | रामप्रकाश गुप्ता पुत्र बाबूराम गुप्ता नि0 99 नेहरू अर्पाटमेन्ट नियर नेहरू प्लेस दक्षिणी दिल्ली | 0.0948 | 0.0948 |
| 26 | म्याना (सैक्टर–05) | 64 | 179 | 1.4120 | उधम सिंह पुत्र भजन लाल नि0 आकलपुर | 0.5795 | 0.5795 |
| 27 | म्याना (सैक्टर–05) | 64<br>81 | 179<br>228 | 1.4120<br>0.6020 | नीरज पुत्र नेमपाल सिंह नि0 आकलपुर | 0.0353<br>0.0759 | 0.0353<br>0.0759 |
| 28 | म्याना (सैक्टर–05) | 81<br>64 | 228<br>179 | 0.6070<br>1.4120 | अमित पुत्र नेगपाल सिंह नि0 आकलपुर जेवर | 0.0759<br>0.0353 | 0.0759<br>0.0353 |
| 29 | म्याना (सैक्टर–05) | 81<br>64 | 228<br>179 | 0.6070<br>1.4120 | संजय पुत्र नेगपाल सिंह नि0 आकलपुर जेवर | 0.0759<br>0.0353 | 0.0759<br>0.0353 |
| 30 | म्याना (सैक्टर–05) | 81<br>64 | 228<br>179 | 0.6070<br>1.4120 | जितेन्द्र पुत्र नेगपाल सिंह नि0 आकलपुर जेवर, गौतमबुद्वनगर | 0.0758<br>0.0353 | 0.0758<br>0.0353 |
| 31 | म्याना (सैक्टर–05) | 64 | 179 | 1.4120 | सोवती पत्नी मेघराज नि0 म्याना जेवर | 0.0949 | 0.0949 |
| 32 | म्याना (सैक्टर–05) | 80 | 152 | 0.2360 | कमलेश लता पत्नी दिलसुख म0न0 66 मूंजखेडा रोड सालारपुर | 0.0590 | 0.0590 |
| 33 | म्याना (सैक्टर–05) | 64 | 179 | 1.4120 | सचिन कुमार पुत्र जगदीश नि0 मोहियापुर जिला गौतमबुद्वनगर | 0.1000 | 0.1000 |
| 34 | म्याना (सैक्टर–05) | 64 | 179 | 1.4120 | पवन कुमार पुत्र जगदीश नि0 मोहियापुर जिला गौतमबुद्वनगर | 0.0765 | 0.0765 |
| 35 | म्याना (सैक्टर–05) | 328 | 132 | 2.4480 | संजीव कुमार शर्मा पुत्र हीरालाल शर्मा नि0 ग्राम कल्लूपुरा जेवर, गौतमबुद्वनगर | 0.1020 | 0.1020 |
| 36 | म्याना (सैक्टर–05) | 328 | 132 | 2.4480 | मूर्ति देवी पत्नी प्रकाश चन्द व कान्ती देवी प्रकाशचन्द नि0 कल्लूपुरा परगना व तह0 जेवर गौतमबुद्वनगर | 0.2040 | 0.2040 |
| 37 | म्याना<br>(सैक्टर–11)<br>(सैक्टर–10)<br>(सैक्टर–11)<br>(सैक्टर–11)<br>(सैक्टर–11)<br>(सैक्टर–11)<br>(सैक्टर–11) | 90<br>168<br>314<br>15<br>233 | 237<br>231<br>240<br>236<br>417<br>19<br>11 | 0.1420<br>0.0190<br>0.2020<br>0.3140<br>1.1630<br>0.9090<br>1.6280 | यज्ञ कुमार शर्मा पुत्र शिवदत्त शर्मा नि0 म्याना | 0.0089<br>0.0011<br>0.0126<br>0.0785<br>0.2908<br>0.0180<br>0.1085<br>0.5184<br>कुल योग | 0.0089<br>0.0011<br>0.0126<br>0.0785<br>0.2908<br>0.0180<br>0.1085<br>0.5184<br>कुल योग |
| 38 | म्याना (सैक्टर–11) | 156 | 243म | 0.2210 | विमला वर्मा पत्नी उदय भान वर्मा नि0 बी0–51 पाडव नगर, सकेत मेरठ | 0.1658 | 0.1658 |
| 39 | म्याना (सैक्टर–11) | 19 | 10 | 0.5400 | ईश्वर पुत्र हरी सिंह नि0 कल्लूपुरा | 0.1800 | 0.1800 |
| 40 | म्याना (सैक्टर–11) | 19 | 10 | 0.5400 | चन्द्रप्रकाश पुत्र हरी सिंह नि0 कल्लूपुरा | 0.1800 | 0.1800 |

उपरोक्त भूमि क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रुप में 15 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

डिप्टी कलेक्टर

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मास्टर प्लान के अतिरिक्त प्लॉटिंग / हाउसिंग / कॉलोनी या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह से अवैध है। सामान्यजन इस प्रकार की खरीद–फरोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाइजर के भ्रामक विज्ञापनों से बचें। अधिक जानकारी के लिए प्राधिकरण की वेबसाइट www.yamunaexpresswayauthority.com देखें।

# मुख्यमंत्री बड़े या भू-माफिया !

## बादौली बांगर गांव में बड़ा खेला

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-154 के बादौली बांगर गांव में खाद के गड्ढे की जमीन पर भूमाफियाओं का एक बड़ा सिंडीकेट ने कब्जा कर उस पर बहुमंजिला इमारत खड़ा करने का काम कर दिया। जबकि इस जमीन का मुकदमा तहसीलदार के न्यायालय में विचाराधीन है।

सूत्र बताते हैं कि बादौली बांगर गांव के एक बड़े भूमिया महेश चौहान ने स्थानीय पटवारी से सांठगांठ कर करोड़ों रूपये की सरकारी जमीन पर चार मंजिला इमारत खड़ी कर जिला प्रशासन के अफसरों को चुनौती दे डाली। एक तरफ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भूमाफियाओं के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। वहीं जिले का एक ऐसा भूमाफिया है जो प्रशासन के अफसरों को चुनौती देते हुए सरकार की जमीन पर बहुमंजिला इमारत खड़ी करने का साहस दिखाया है।



ग्रामीणों के बार-बार शिकायत के बाद भी जिला प्रशासन के आला अफसर भूमाफिया के खिलाफ कार्रवाई करने से बच रहे हैं। सूत्रों का दावा है कि बादौली बांगर गांव में करोड़ों रुपए मूल्य की सरकारी जमीन काफी समय से खाली पड़ी थी जिस पर गांव का है निवासी महेश चौहान ने धीरे-धीरे उस जमीन पर कब्जा कर बहुमंजिला इमारत खड़ी कर दी।

जब इस संबंध में तहसीलदार प्रतीक सिंह से बात की गई तो उन्होंने मामले की अनभिज्ञता जताते हुए कहा कि मुझे इस तरह की कोई जानकारी नहीं है। मुख्यमंत्री के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहा भूमाफिया के खिलाफ आखिर कब करवाई होगी। यह ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। अब देखना है कि भू-माफिया महेश चौहान बड़ा है या मुख्यमंत्री का आदेश बड़ा है यह आने वाला समय बताएगा।

# डाक विभाग को निर्देश, समय पर पहुंचे पहचान पत्र




**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभागार में डाक विभाग के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य आगामी निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु और पारदर्शी बनाए रखने हेतु मतदाता फोटो पहचान पत्र और निर्वाचन संबंधी नोटिसों के समयबद्ध वितरण की समीक्षा करना था।

बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार द्वारा वर्तमान तक हुए वितरण कार्यों की विस्तृत प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट ने वितरण प्रक्रिया में सामने आ रही समस्याओं की गहन समीक्षा करते हुए उनके त्वरित समाधान के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्धारित समयसीमा में मतदाता पहचान पत्र और निर्वाचन नोटिसों का वितरण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी प्रकार की असुविधा या भ्रम की स्थिति न बने। उन्होंने वितरण कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने, नियमित अनुश्रवण करने और आम नागरिकों को समय पर मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

जिला मजिस्ट्रेट ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में वितरण कार्य की सतत् निगरानी करें।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर चारुल यादव, जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी एवं डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# पौधा लगाने का अभियान होगा पूर्ण : सुनील खारी



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** 'माँ के नाम एक पेड़' अभियान के तहत पूरे उत्तर प्रदेश में पौधा लगाने का अभियान चल रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर सरकारी अफसर से लेकर भाजपा कार्यकर्ता तक इस अभियान को अमली जामा पहनाने में लगे हुए हैं।

इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं योगी सेवा फाउंडेशन के चेयरमैन सुनील खारी ने कहा कि सभी व्यक्ति को 'मां के नाम एक पेड़' अवश्य लगाना चाहिए और यही नहीं पेड़ लगाने के साथ-साथ उसकी देखभाल भी नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का अभियान सफल हो इसके लिए सभी को एकजुट होकर इस कार्यक्रम को मजबूती के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पेड़ हम सभी को जीवन देने में अपनी हम भूमिका निभाता है। इसलिए पौधा लगाने के बाद उसकी उसका रखरखाव एवं देखभाल भी हम सबको करना चाहिए। श्री खारी ने कहा कि सरकार का यह अभियान अवश्य पूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि सभी लोग मिलकर एक पेड़ 'मां के नाम' अवश्य लगायें।

# गुरु पूर्णिमा पर भाजपा ने आयोजित किया कार्यक्रम



**भदोही ( चेतना मंच )।** भाजपा के जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व में कल गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जनपद में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में गुरु पूर्णिमा का बहुत ही बड़ा महत्व है वहीं पर गुरु के द्वारा शिक्षा दीक्षा ग्रहण करने के उपरांत शिष्य गुरु दक्षिणा के संदर्भ में गूरू दक्षिणा देकर गुरु से ज्ञान प्राप्त करता है और गुरु के बताए गए मार्ग को ध्यान में रखते हुए अपने जीवन को व्यतीत करता है। भारतीय जनता पार्टी की मंशा है 10 जुलाई 2025 दिन गुरुवार को आषाढ़ पूर्णिमा पर गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया जाए गुरु पूर्णिमा एक ऐसा दिन है जो हमारे देश में और देश एवं संस्कृति में सभी गुरुओं को सम्मानित किया जाता है चाहे वह आपके गुरु ही हो या आध्यात्मिक गुरु हो ऐसे गुरुओं के प्रति अपनी कृतज्ञता के साथ इस उत्सव को अपार हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाना पार्टी ने सुनिश्चित किया है इसी संदर्भ में जगन्नाथपुर मंडल में पंडित शंकराचार्य महाराज बड़े शिव मंदिर गोपीगंज जहां पर डॉक्टर विनोद बिंद गुरु के चरणों में अपना शीश रखकर आशीर्वाद लिया और गुरु का सम्मान किया उसके पश्चात अस्नाव मंडल में माता साध्वी राज लक्ष्मी मंदा प्राचीन शिव मंदिर सुंदर बन कटे बना में जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा उपस्थित होकर राजलक्ष्मी मंदा माता का दर्शन किया।

# कांग्रेस ने नियुक्त किए अध्यक्ष



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला गौतमबुधनगर के अंतर्गत आने वाले नगर पालिका तथा नगर पंचायतों के नगर अध्यक्ष नियुक्त कर दिए गए हैं। इनकी नियुक्ति की घोषणा कल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने की।

जिला कांग्रेस कमेटी गौतम बुध नगर के जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने बताया कि विगत माह सांगठनिक दृष्टि से जनपद गौतम बुध नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का पैनल नगर पालिका व नगर पंचायत अध्यक्षों की नियुक्ति के प्रस्ताव के साथ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय को भेजा गया था। इसकी अनुमति व प्रस्ताव का अनुमोदन आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से प्रदेश अध्यक्ष श्री अजय राय के अनुमोदन के उपरांत प्राप्त हो गया है। दादरी नगर पालिका में धर्मवीर प्रधान अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं, जेवर नगर में राजू राव, दनकौर नगर में सूर्य प्रकाश, जहांगीरपुर नगर में गणेश मीना तथा रबूपुरा नगर पंचायत में मौहम्मद नौशाद को नगर अध्यक्ष बनाया गया है। जनपद की बिलासपुर नगर पंचायत तथा ग्रेटर नोएडा शहर में नगर अध्यक्ष की नियुक्ति का अनुमोदन भी शीघ्र किया जायेगा।

# सैकड़ों लोगों ने दी श्रीमती विमला देवी जैन को श्रद्धांजलि



**नोएडा ( चेतना मंच )।** व्यापारियों के दु:ख-सुख में सदैव खड़े रहने वाले उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन की माता श्रीमती बिमला देवी का स्वर्गवास 6 जुलाई को हो गया।
उनकी उम्र 72 वर्ष थी। उनकी याद में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन गुरुवार को सेक्टर-33 स्थित अग्रसेन भवन में किया गया। जिसमें शहर के तमाम गणमान्य लोग उपस्थित हुए और सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

बिमला देवी अपने पीछे पति जयकुमार, बेटे संजय जैन व विकास जैन, बहु सीमा जैन व कविता जैन, बेटी सुमन, सविता, पूजा व दामाद विनोद, सतीश व दीपक एवं अनुभव, मितांश, ऋषभ, स्मृति, युविका, आन्या, आयुषी, अंशिका, दीक्षा, समीक्षा, दृष्टि, प्रणव, संचित, मोहित, दिनकर जैसे नाती-पोतों का भरा पूरा परिवार हंसता-खेलता छोड़कर गई है।

विकास जैन ने कहा कि उनकी माताजी लक्ष्मी का रूप थी और अपना जीवन उन्होंने एक आयरन लेडी की तरह जिया। जीवन में वे कभी बीमार नहीं पड़ी और जब बीमार पड़ी तो किसी को सेवा का मौका नहीं दिया और अपने चलते हाथों-पैरों से ही दुनिया से विदा हो गई।

# युवा कांग्रेस के आगरा प्रभारी बनने पर कांग्रेसियों ने दी बधाई

**नोएडा ( चेतना मंच )।** महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा महासचिव दयाशंकर पांडे जी ने अपने कई साथियों के साथ उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस पश्चिम प्रदेश महासचिव शहाबुद्दीन को जनपद आगरा युवा कांग्रेस संगठन सर्जन प्रभारी बनाए जाने पर फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद आभार व्यक्त किया। बांस बल्ली मार्केट में आयोजित स्वागत समारोह में महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा महासचिव दयाशंकर पांडे, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य मोहम्मद चांद, नोएडा वाटर सप्लायर एसोसिएशन अध्यक्ष विनोद शाह, परवेज़, गुड्डु, साहिल, रचित, विवेक, नेप्चून फिल्म इंस्टीट्यूट के थिएटर डायरेक्टर एक्टिंग मैनटोर एम शफीक शहरयार, प्रमोद, आनंद,सरोज,नीरज,विननू पंडित, संजय, बिजेंद्र, प्रेम शाह,सोनू मिश्रा, विकास मिश्रा व अन्य युवा शक्ति मौजूद रहे।





# ग्रेटर नोएडा वेस्ट में अंतर्राष्ट्रीय इस्सयोग समाज ने भव्य रूप से मनाया गुरुपूर्णिमा का महोत्सव



**नोएडा।** गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर नोएडा, ग्रेटर नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गुरुपूर्णिमा का महोत्सव भव्य रूप से मनाया गया। अंतर्राष्ट्रीय इस्सयोग समाज के तत्वावधान में ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित गौरसिटी के सरोवर प्रीमियर के सभागार में गुरुवार को गुरु-पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया जिसमें देश-विदेश के हज़ारों इस्सयोगियों ने भक्ति-भाव से भाग लिया तथा श्रद्धा-पूर्वक ब्रह्म-निष्ठ सदगुरुमाता माँ विजया जी के चरणों में श्रद्धा- पुष्प निवेदित किए। समारोह का आरंभ दिव्य ओमकारम के साथ आरंभ हुआ। सदगुरुमाँ के निदेशानुसार, संस्था के सचिव कुमार सहाय वर्मा ने दीप प्रज्वलित किया और इंग्लैण्ड से आयीं अप्रवासी भारतीय इस्सयोगी डा द्राशनिका पटेल ने सदगुरु एवं गुरुमाँ के चित्रों पर माल्यार्पण किया।

## विधि-पूर्वक किया गया गुरु-पूजन

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गुरूपूर्णिमा महोत्सव के बारे में जानकारी देते हुए संस्था के संयुक्त सचिव डा अनिल सुलभ ने बताया कि दीप प्रज्वलन के पश्चात सामूहिक आह्वान- साधना की गई और उसके पश्चात विधि-पूर्वक गुरु-पूजन किया गया। संस्था के सचिव कुमार सहाय वर्मा, संयुक्त सचिव (मुख्यालय) ई उमेश कुमार एवं स्थानीय संयोजक राधेश्याम पाण्डेय ने सभी इस्सयोगियों की ओर से यज्ञमान के रूप में पूजन किया। दिल्ली के वरिष्ठ इस्सयोगी आचार्य दीनानाथ शास्त्री ने पुरोहित के रूप में सविधि गुरु-पूजन कराया।

## मानव-समुदाय अपने संस्कारों को भूलता जा रहा है

गुरू पूजनोपरांत अपने आशीर्वचन में माताजी ने कहा कि मानव-समुदाय अपने संस्कारों को भूलता जा रहा है। हमारे संस्कार हमारे जीवन को निर्धारित करते हैं। हमारा जीवन मांगलिक,कल्याणकारी और आनन्द-प्रद हो, इसीलिए हमारे पूर्वज संतानोत्पत्ति की सविधि योजना करते थे, जिसमें गर्भाधान-संस्कार से लेकर अनेक संस्कार किए जाते थे। मानव-जीवन में 16 संस्कारों का विधान है। माताजी ने कहा कि गुरुपूर्णिमा का उत्सव गुरु के प्रति समर्पण और श्रद्धार्पण ही नहीं, गुरु-वचनों को जीवन में उतारने का संकल्प लेने का भी है। साधकों को अपनी ध्यान-साधना में अंतर्मुख होना चाहिए। साधना में जितना अधिक आत्मलीन होंगे, सदगुरु और परमात्मा के उतने ही निकट होते जाएँगे। इस्सयोग वही मार्ग है, जिसका आश्रय लेकर गुरु-कृपा से एक सच्चा साधक आत्म-साक्षात्कार और परमात्मा की अनुभूति कर पाता है। इस अवसर पर इस्सयोगियों ने अपने उद्गार में गुरु-महिमा और इस्सयोग के सूक्ष्म आध्यात्मिक प्रभावों पर अनुभूति-सिद्ध चर्चा की। उद्गार व्यक्त करने वालों में प्रियंका राज,पिंकी कुमारी,वेंद प्रकाश,सुधा देवी,कैलास सुहाससुरिया,जितेन्द्र सिंह,अशोक कुमार,शैल कुमारी, पंकज कुमार झा,के नाम सम्मिलित हैं।

## स्त्री-पुरूषों को दी गई 'शक्तिपात-दीक्षा'

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में हुए इस कार्यक्रम में शाम को 'शक्तिपात-दीक्षा' का भी आयोजन किया गया,जिसमें सदगुरुमाता माँ विजया जी द्वारा नव-जिज्ञासु स्त्री-पुरुषों को 'इस्सयोग' की सूक्ष्म साधना आरंभ करने के लिए आवश्यक 'शक्तिपात-दीक्षा' प्रदान की गयी। अंत में महाप्रसाद के साथ यह दिव्य महोत्सव संपन्न हुआ।

## कार्यक्रम को इन लोगों ने बनाया सफल

इस महोत्सव में संस्था के संयुक्त सचिव एवं पूर्व सांसद रमा देवी,बहन संगीता झा, छोटे भैया संदीप कुमार गुप्ता,लक्ष्मी प्रसाद साहू,नीना दूबे गुप्ता,शिवम् झा, सरोज गुटगुटिया,काव्या सिंह, अरविंद चौधरी, वंदना वर्मा,अनंत कुमार साहू,कपिलेश्वर मण्डल, सुशील प्रजापति, आनन्द कुमार, डा मनोज धमीजा,मालिनी विजय मिश्रा, श्रीप्रकाश सिंह, राजीव कुमार, डा मनोज राज,समेत बड़ी संख्या में संस्था के अधिकारी और स्वयंसेवक सक्रिए रहे।इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए महीनों पूर्व समर्पित साधक राधेशयाम पाण्डेय,अरविन्द कुमार,ब्रह्मजोत कौर, ललन प्रसाद ,राजीव तिवारी, तामेश्वर मिश्रा समेत दिल्ली ,एन सी आर के सभी इस्सयोगी ने कड़ी मेहनत की थी।


## कार्यालय : संयुक्त आयुक्त ( वि0 अनु0 शा0 ) राज्य कर, संभाग- ए / बी नोएडा

**-: नीलामी सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य कर, विभाग नोएडा की विभिन्न सचल दल इकाइयों द्वारा अभिग्रहीत निम्न माल /सामग्री की नीलामी की जानी है।

| क्र. स. | विवरण | नीलामी स्थल | अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क अधिकारी | धरोहर राशि का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कुल 3712 पेयर फुटवियर | सूरजपुर ग्रेटर नोएडा | सुश्री प्रियंका सहायक आयुक्त 7235002872 | रु0 5000.00 का डिमांड ड्राफ्ट ASSISTANT COMMISSIONER MOBILE SQUAD 01 COMMERCIAL TAX NOIDA |
| 2 | 3W JUNCTION BOX 10000 नग | उक्त | सुश्री प्रियंका सहायक आयुक्त 7235002872 | रु0 5000.00 का डिमांड ड्राफ्ट ASSISTANT COMMISSIONER MOBILE SQUAD 01 COMMERCIAL TAX NOIDA |
| 3 | 54 नग वायर तथा 82 पीस पुराने मोटर | उक्त | सुश्री प्रियंका सहायक आयुक्त 7235002872 | रु0 5000.00 का डिमांड ड्राफ्ट ASSISTANT COMMISSIONER MOBILE SQUAD 01 COMMERCIAL TAX NOIDA |
| 4 | सवमसिंबल पम्प 20 नग | उक्त | श्री रोहित रावत सहायक आयुक्त 7235002928 | रु0 5000.00 का डिमांड ड्राफ्ट ASSISTANT COMMISSIONER MOBILE SQUAD 02 COMMERCIAL TAX NOIDA |
| 5 | वाहन संख्या UP21AN6716 व परचून | उक्त | सुश्री सुगंधा सिंह सहायक आयुक्त 7235002949 | रु0 10000.00 का डिमांड ड्राफ्ट ASSISTANT COMMISSIONER MOBILE SQUAD 04 COMMERCIAL TAX NOIDA |
| 6 | Bahar Pan Masala-200 Bag (1593600 pouch) BHR Tobacco-40 Bag (1592800 pouch) Pan Bahar Crystal Pan Masala-1920 pouch Burk Tobacco-1920 pouch | उक्त | सुश्री सुगंधा सिंह सहायक आयुक्त 7235002949 | रु0 15000.00 का डिमांड ड्राफ्ट ASSISTANT COMMISSIONER MOBILE SQUAD 04 COMMERCIAL TAX NOIDA |
| 7 | 1740 जीन्स पेट | उक्त | सुश्री शिखा सिंह सहायक आयुक्त मो-8299205359 | रु0 5000.00 का डिमांड ड्राफ्ट ASSISTANT COMMISSIONER MOBILE SQUAD 05 COMMERCIAL TAX NOIDA |
| 8 | PAVER MACHINE-01 ROLLER-01 | उक्त | सुश्री शिखा सिंह सहायक आयुक्त मो-8299205359 | रु0 5000.00 का डिमांड ड्राफ्ट ASSISTANT COMMISSIONER MOBILE SQUAD 05 COMMERCIAL TAX NOIDA |
| 9 | फुल बाडी ट्रक TATA LPT-3118/56E-III, 5883-UP78CN8198 | उक्त | सुश्री शिखा सिंह सहायक आयुक्त मो-8299205359 | रु0 10000.00 का डिमांड ड्राफ्ट ASSISTANT COMMISSIONER MOBILE SQUAD 05 COMMERCIAL TAX NOIDA |
| 10 | वाहन संख्या DLILT 9578 (EECO FLAXI GREEN) व EDC मशीन 52 नग | उक्त | श्री सुरेश कुमार पाल सहायक आयुक्त मो-7235001941 | रु0 10000.00 का डिमांड ड्राफ्ट ASSISTANT COMMISSIONER MOBILE SQUAD 06 COMMERCIAL TAX NOIDA |

उपरोक्स समस्त माल/सामग्री की नीलामी दिनांक 17-07-2025 दिन बृहस्पतिवार को प्रात: 11.00 बजे से जहां है जैसा है के आधार पर की जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले केवल राजिस्टर्ड व्यापारीगण/व्यक्ति नियत तिथि व नियत स्थल (कालम संख्या 03 में वर्णित) पर नीलामी हेतु वर्णित वस्तु के समक्ष अंकित आवश्यक डिमांड ड्राफ्ट अपने साथ लेकर समय से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। नीलामी से सम्बंधित नियम व शर्तों की जानकारी सम्बंधित कार्यालय/दुरभाष पर किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे प्राप्त की जा सकती है। नीलामी की वस्तु पर GST/टैक्स अतिरिक्त देय होगा।

**सहायक आयुक्त, राज्य कर,**
**सचल दल इकाई 1, 2, 4, 5, 6 नोएडा**

# भारी बारिश और भूस्खलन से मची तबाही, 208 सड़कें ब्लॉक

एजेंसी

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश में इन दिनों भारी बारिश और भूस्खलन ने तबाही मचा दी है। अब तक इससे 85 लोगों की मौत हुई है। वहीं, बीते 24 घंटों में 208 सड़कें ब्लॉक हुई हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) के मुताबिक, अब तक 54 मौतें सीधे तौर पर भूस्खलन, अचानक बाढ़ और बादल फटने जैसी घटनाओं के कारण हुई हैं, जबकि 31 मौतें सड़क दुर्घटनाओं में हुई हैं।

एसडीएमए ने बताया कि बीते 24 घंटों में 204 सड़कें भारी बारिश की वजह से ब्लॉक हुई हैं, जिसमें मंडी को कोटली होते हुए धरमपुर से जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-003 भी शामिल है। इसके अलावा, राज्य भर में 192 वितरण ट्रांसफार्मर (डीटीआर) और 740 जलापूर्ति योजनाएं भी बाधित हुई हैं। बता दें कि इस मूसलाधार बारिश और भूस्खलन में मंडी जिला सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है, जहां सबसे ज्यादा सड़कें (138) ब्लॉक हैं। इतना ही नहीं यहां बिजली-पानी की समस्या की उत्पन्न हो गई है। दोनों की आपूर्ति ठप्प है। राज्य सरकार और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य लगातार स्थिति को बेहतर करने में जुटे है। जल और बिजली विभाग भी लगातार काम कर जल और बिजली की सप्लाई सुचारु करने में जुटा है। वहीं कुल्लू में भारी बारिश के कारण 20 सड़कें ब्लॉक हैं, जबकि सिरमौर और कांगड़ा में भी काफी नुकसान की सूचना मिली है। विभाग ने अपने लेटेस्ट अपडेट में इस बात की जानकारी दी है। दूसरी ओर, राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) के अधिकारियों ने कहा कि सभी आपातकालीन सेवाएं अलर्ट पर हैं। सड़क संपर्क, बिजली और पानी की आपूर्ति बहाल करने का काम जारी है। एसडीएमए ने जनता से संवेदनशील मार्गों, खासकर ऊंचाई वाले और भूस्खलन-प्रवण क्षेत्रों में यात्रा करने से बचने की अपील की है, क्योंकि आने वाले दिनों में और बारिश होने का अनुमान है। उधर, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू ने मंडी जिले के सेराज विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया और प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने पीड़ितों के लिए बग्सियाड़ में स्थापित राहत शिविर का भी निरीक्षण किया और प्रदान की जा रही सहायता पर प्रतिक्रिया ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिराज विधानसभा क्षेत्र में राहत और बचाव कार्य प्रभावी ढंग से चलाए जा रहे हैं।



## देश के कई राज्यों में स्कूल-कॉलेज बंद

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में मॉनसून की भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। कई इलाकों में सड़कों पर जलभराव हो गया है और पहाड़ों में भूस्खलन की घटनाएं भी बढ़ रही है। इन सब के चलते कई राज्यों में स्कूल-कॉलेजों को बंद कर दिए गए हैं। भारतीय मौसम विभाग ने कई राज्यों में रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही अगले 48 घंटों में सतर्क रहने की सलाह दी है। दिल्ली, नोएडा और गुरुग्राम में भारी बारिश से जलभराव और ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी है। नोएडा में कक्षा 1 से 8 तक के सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। बारिश के और तेज होने का अनुमान है। केरल के मलप्पुरम, कन्नूर और कासरगोड जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़, उडुपी, कोडगु, शिवमोग्गा और चिक्कमगलुरु जिलों में रेड अलर्ट जारी है, जिसकी वजह से स्कूल-कॉलेजों को बंद रखे गए हैं। छत्तीसगढ़ के 19 जिलों में बाढ़ की संभावना है, जबकि उत्तर प्रदेश के सहारनपुर, शामली और बाराउट में भी भारी बारिश का अलर्ट है। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में मूसलाधार बारिश से भूस्खलन और नदियों के उफान की आशंका बढ़ गई है। देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल और चमोली जैसे जिलों में रेड अलर्ट के कारण स्कूल-कॉलेज बंद हैं।

## खास खबर

### यून सुक येओल की गिरफ्तारी को मिली मंजूरी

**सियोल।** सियोल की एक अदालत ने दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल की गिरफ्तारी को मंजूरी दे दी है। उन पर दिसंबर में मार्शल लॉ लागू करने से जुड़े आरोप हैं। अदालत ने विशेष अभियोजक के दावे को स्वीकार कर किया कि यून द्वारा सबूत नष्ट करने का खतरा है। गौरतलब है कि अप्रैल में संवैधानिक अदालत ने यून पर चलाए गए महाभियोग को बरकरार रखा था, जिसके बाद उन्हें राष्ट्रपति पद से हटा दिया गया था। अब चार महीने बाद, वह सियोल के पास एक हिरासत केंद्र में लौट रहे हैं। इससे पहले, जनवरी में सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी रद्द कर दी थी, जिसके बाद मार्च में उन्हें इस केंद्र से रिहा कर दिया गया था। इससे उन्हें हिरासत में लिए बिना विद्रोह के मुकदमे का सामना करने की अनुमति मिल गई थी। यून का आपराधिक मामला अब एक विशेष अभियोजक द्वारा देखा जा रहा है। ये अभियोजक उनके निरंकुश रवैये से संबंधित अतिरिक्त आरोपों की जांच कर रहे हैं, जिनमें सत्ता का दुरुपयोग, सरकारी दस्तावेजों में हेराफेरी, और सरकारी कर्तव्यों में बाधा डालना शामिल है।

### चोरी का आरोपी चीनी हैकर इटली में गिरफ़्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अधिकारियों द्वारा वांछित एक चीनी नागरिक को इटली में गिरफ़्तार किया गया है। इस व्यक्ति पर कोरोना महामारी के दौरान अमेरिका से कोविड-19 वैक्सीन से जुड़ी गोपनीय जानकारी चुराने का आरोप है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, जू जेवेई नामक 33 वर्षीय व्यक्ति एक सरकारी-प्रायोजित हैकिंग समूह का सदस्य था। आरोप है कि इस समूह ने 2020 की शुरूआत में, जब कोविड अपने चरम पर था, अमेरिका से कोविड-19 वैक्सीन से संबंधित रहस्य चुराए थे। अमेरिका द्वारा जेवेई के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद, जेवेई को 3 जुलाई को मिलान के माल्पांसा हवाई अड्डे से इतालवी अधिकारियों ने गिरफ्तार किया। जू जेवेई पर अमेरिकी अदालत ने नौ आरोप लगाए हैं।

### दिल्ली-एनसीआर में लगे भूकंप के तेज झटके

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। सुबह 9:04 बजे आए इस भूकंप को लेकर राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने कहा कि इसका केंद्र झज्जर में था। जमीन के अंदर 10 किलोमीटर की गहराई पर यह हलचल हुई। पूरे हरियाणा, पंजाब के कुछ हिस्से और दिल्ली-एनसीआर में भूकंप का झटका महसूस किया गया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.4 मापी गई है। फिलहाल कहीं से किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। दिल्ली-एनसीआर की ऊंची इमारतों में झटका अधिक महसूस किया गया। कंपन इतनी तेज थी कि लोग घरों से बाहर निकल आए। गुरुग्राम से नोएडा तक लोग खुले स्थानों पर निकल आए। फरीदाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली समेत एनसीआर के सभी हिस्सों में कई सेकेंड तक झटके लगे। गनीमत है कि भूकंप कि तीव्रता मध्यम दर्जे की थी। 5 से कम दर्जे के भूकंप में आमतौर पर नुकसान की आशंका नहीं होती है।

# गंभीरा पुल हादसे में अब तक 15 लोगों की मौत की पुष्टि

▶ तीन लोग अब भी लापता

एजेंसी

**वडोदरा ।** मध्य गुजरात में वडोदरा और आणंद को जोड़ने वाला गंभीरा ब्रिज का एक हिस्सा बुधवार को अचानक ढह गया था। इस दर्दनाक हादसे में अब तक 15 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 3 लोग अभी भी लापता हैं। प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य जारी है और लापता लोगों की तलाश जारी है। बता दें कि यह हादसा वडोदरा के पादरा इलाके में उस समय हुआ जब कई वाहन पुल के ऊपर से गुजर रहे थे। वडोदरा कलेक्टर ने आज घटनास्थल का दौरा किया और स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज 3 और शव बरामद हुए हैं, जिससे मृतकों की संख्या 15 हो गई है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें घटनास्थल से करीब 4 किलोमीटर दूर तलाशी अभियान चला रही हैं। हादसे के वक्त दो वाहन पुल से नीचे गिर गए थे, जो अब कीचड़ में फंस गए हैं। उन वाहनों के बारे में जानकारी जुटाने के लिए स्थानीय लोगों से भी संपर्क किया जा रहा है। कलेक्टर ने बताया कि घटनास्थल पर एक खाली टैंकर पुल से लटका हुआ है। उसके नीचे बचाव कार्य चल रहा है, इसलिए उसे हिलाना खतरनाक हो सकता है। राहत कार्य में कोई बाधा न आए, इसके लिए टैंकर को स्थिर करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। लगातार हो रही बारिश के कारण नदी का जलस्तर बढ़ गया है, जिसके कारण खोज एवं बचाव कार्यों में अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है। प्रशासन और राहत एजेंसियों के अधिकारी लगातार घटनास्थल पर मौजूद हैं और हर स्तर पर प्रयास जारी हैं। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें आज दूसरे दिन भी पूरे इलाके में खोज और बचाव अभियान जारी रखे हुए हैं। स्थानीय लोगों से भी सहयोग की अपील की गई है ताकि लापता लोगों को जल्द से जल्द ढूंढा जा सके। सरकार मृतकों के परिवारों को मुआवजा देने की भी तैयारी कर रही है।



## विधायक सुब्बा रेड्डी के ठिकानों पर ईडी का छापा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजनीति गुरुवार को उस समय गरमा गई जब बेंगलुरु में कांग्रेस विधायक एस.एन. सुब्बा रेड्डी के आवास और उनसे जुड़ी संपत्तियों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की। रेड की खबर फैलते ही बागेपल्ली विधानसभा क्षेत्र से तीन बार के विधायक रेड्डी के समर्थकों और करीबी रिश्तेदारों के बीच खलबली मच गई। सूत्रों के मुताबिक, यह छापेमारी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) की धारा 37 के तहत की जा रही है। ईडी को शिकायत मिली थी कि विधायक ने विदेशी बैंक खातों में अवैध धन जमा किया है और मलेशिया, हांगकांग और जर्मनी सहित कई देशों में अघोषित अचल संपत्तियां खरीदी हैं। इन्हीं आरोपों की जांच के लिए ईडी ने गुरुवार तड़के कार्रवाई शुरू की।

# मुंबई पुलिस ने दो बड़े ड्रग रैकेट्स का किया भंडाफोड़

एजेंसी

**मुंबई ।** मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने शहर में सक्रिय दो बड़े ड्रग रैकेट्स का पदार्फाश करते हुए कुल 2.5 करोड़ रुपये मूल्य की नशीली दवाएं बरामद की हैं। इस सफलता में एक इंजीनियर समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पहली कार्रवाई में एंटी नारकोटिक्स सेल (एएनसी) की आजाद मैदान यूनिट ने अंधेरी के लोखंडवाला इलाके में इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियर एस खान (40) को गिरफ्तार किया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि खान अपने फ्लैट से ड्रग्स बेच रहा है। छापेमारी में उसके फ्लैट से 1.25 करोड़ रुपये की एमडी ड्रग्स, चरस और 18 लाख रुपये नकद बरामद हुए। जांच में पता चला कि खान पिछले चार वर्षों से अपने फ्लैट को ड्रग तस्करी के लिए इस्तेमाल कर रहा था। पुलिस अब यह पता लगाने में लगी है कि ये नशीली दवाएं कहां से आ रही थीं और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। दूसरे अभियान में, एएनसी की कांदिवली यूनिट ने अंधेरी वसोर्वा जेट्टी इलाके में फैजान इरफान गौड़ (31) को गिरफ्तार किया। उसके पास से 306 ग्राम हेरोइन बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 1.22 करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने उसका मोबाइल फोन जब्त कर उसकी कॉल डिटेल्स और सोशल मीडिया चैट्स की जांच शुरू कर दी है। शुरूआती जांच में यह संकेत मिले हैं कि वह एक अंतरराज्यीय ड्रग नेटवर्क से जुड़ा हुआ है।

# ट्रंप पर हुए हमले में सुरक्षा चूक के आरोप में 6 सीक्रेट एजेंट्स सस्पेंड

एजेंसी

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर पिछले साल हुए हमले के दौरान सुरक्षा में चूक के आरोप में सीक्रेट सर्विस के 6 एजेंट्स को सस्पेंड कर दिया गया है। यह कार्रवाई ट्रम्प के हमले के एक साल पूरा होने से 4 दिन पहले की गई है। बता दें पेनसिल्वेनिया के बटलर में एक चुनावी रैली में 13 जुलाई 2024 ट्रम्प पर गोली चलाई गई थी। यह गोली ट्रम्प के कान को लगती हुई निकल गई थी और वह घायल हो गए थे। इस हमले में ट्रम्प की रैली में शामिल एक फायरफाइटर कोरी कॉम्पेराटोर की मौत हो गई थी। जवाबी कार्रवाई में मौजूद सीक्रेट सर्विस के स्नाइपर्स ने हमलावर थॉमस मैथ्यू क्रूक्स (20) को गोली मार दी थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सस्पेंड किए गए 6 एजेंट्स को अपील करने का अधिकार दिया गया है। एक अधिकारी के मुताबिक इन्हें 10 से 42 दिन तक के लिए सस्पेंड किया है। इनमें सीनियर अधिकारी से लेकर निचले स्तर के फील्ड एजेंट शामिल हैं। हमले के बाद अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि सुरक्षा एजेंसियों की कई स्तरों पर लापरवाही और खामियों के चलते ट्रम्प पर हमला हुआ था।

## लाइफटाइम गोल्डन वीजा स्कीम को यूएई ने फर्जी बताया

**दुबई ।** संयुक्त अरब अमीरात की सरकार ने भारत बांग्लादेश के नागरिकों के लिए आजीवन गोल्डन वीजा को लेकर जो खबर चलाई जा रही है। उसका खंडन किया है। सरकार की ओर से स्पष्टीकरण आया है। उसमें कहा गया है, यूएई में वीजा के लिए पुरानी शर्तें ही लागू है। गोल्डन वीजा लेने के लिए यूएई की सरकार संघीय पहचान, नागरिकता,सीमा शुल्क, बंदरगाह सुरक्षा प्राधिकरण के सभी नियमों के बारे में स्पष्ट करते हुए, वर्तमान में जो अफवाहें फैली है उनका खंडन किया है।

# तेजस एमके1ए में लगेगी अस्त्र मिसाइल, अगस्त में होगा ट्रायल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (हेल) अगस्त में भारत का अत्याधुनिक लड़ाकू विमान तेजस एमके1ए अपने पहले लाइव फायरिंग ट्रायल में अस्त्र एमके1 मिसाइल का परीक्षण करेगा। यह मिसाइल बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल श्रेणी की है, जो दुश्मन के विमान को दूर से मार गिराएगी। यह परीक्षण लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट कार्यक्रम के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगी। तेजस एमके1ए भारतीय वायुसेना के लिए एक 4.5 पीढ़ी का मल्टी-रोल लड़ाकू विमान है। इसे एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) ने डिजाइन किया है और हेल इसका निर्माण कर रही है। यह विमान पुराने मिग-21, मिग-23 और मिग-27 जैसे लड़ाकू विमानों की जगह ले रहे हैं। तेजस एमके1ए में कुल 40 से ज्यादा तकनीकी सुधार किए गए हैं। इसकी खासियत है कि यह हल्का और फुतीर्ला डिजाइन, बेहतर एवियोनिक्स और हथियार प्रणाली, लंबी रेंज और ज्यादा गतिशीलता, ऑटोमैटिक फॉल्ट डिटेक्शन सिस्टम अस्त्र एमके1 भारत की पहली स्वदेशी बियॉन्ड विजुअल रेंज मिसाइल है, जिसे डीआरडीओ ने विकसित किया है। इसकी रेंज 80 से 110 किलोमीटर तक है, सुपरसोनिक स्पीड (मच 4.5 तक) इसमें गाइडेंस सिस्टम लगा है जो एक्टिव रडार होमिंग है। यह लक्ष्य पर सटीक वार, दुश्मन की इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग को मात देने की क्षमता है। इस मिसाइल के तेजस से जुड़ने के बाद भारतीय वायुसेना को बिना नजर में आए दुश्मन के विमान को नष्ट करने की ताकत मिल जाएगी। तेजस एमके1ए में इजराइल की विकसित अत्याधुनिक ईएलएम-2052 एईएसए रडार लगाया गया है।

जो विमान की निगरानी और लक्ष्य पर नियंत्रण को बेहद मजबूत बनाता है। इसमें कई लक्ष्यों को एकसाथ ट्रैक करने की क्षमता है। पुराने ईएलएम-2032 रडार की तुलना में कई गुना ज्यादा शक्तिशाली है। तेजस एमके1ए और अस्त्र एमके1 के संयोजन से भारतीय वायुसेना न केवल तकनीकी रूप से उन्नत होगी, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की ओर एक ठोस कदम भी बढ़ाएगी। स्वदेशी तकनीक का यह समन्वय भारत को रक्षा क्षेत्र में रणनीतिक स्वतंत्रता देने वाला साबित हो सकता है।



# ट्रेन सुरक्षा बढ़ाने के लिए भारतीय रेलवे और डीएफसीसीआईएल ने किया समझौता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एआई/एमएल आधारित निरीक्षण प्रणाली के साथ ट्रेन सुरक्षा बढ़ाने के लिए भारतीय रेलवे और डीएफसीसीआईएल ने समझौता किया। मशीन विजन आधारित निरीक्षण प्रणाली (एमवीआईएस) ट्रेन सुरक्षा को बढ़ावा देगी, मैनुअल निरीक्षण को कम करेगी और सेवा व्यवधान को रोकेगी। सेवा दक्षता में सुधार करने और रोलिंग स्टॉक के रखरखाव को स्वचालित करने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के अंतर्गत भारतीय रेलवे ने रोलिंग स्टॉक के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए मशीन विजन आधारित निरीक्षण प्रणाली (एमवीआईएस) की स्थापना के लिए समर्पित माल ढुलाई कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। एमवीआईएस एक आधुनिक, एआई/एमएल-आधारित प्रौद्योगिकी समाधान है जो चलती ट्रेनों के अंडर-गियर के उच्च-रिजॉल्यूशन छवियों को कैप्चर करता है और स्वचालित रूप से किसी भी हैंगिंग, ढीले या लापता घटकों का पता लगाता है। विसंगतियों का पता लगाने पर, सिस्टम त्वरित प्रतिक्रिया और कार्रवाई के लिए वास्तविक समय के अलर्ट चेतावनी देता है। समझौता ज्ञापन पर औपचारिक रूप से रेलवे बोर्ड के निदेशक (परियोजना एवं विकास) सुमित कुमार और डीएफसीसीआईएल के जीजीएम (मैकेनिकल) जवाहर लाल ने रेल भवन नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर सदस्य बी. एम. अग्रवाल, डीएफसीसीआईएल के प्रबंध निदेशक प्रवीण कुमार और रेलवे बोर्ड तथा डीएफसीसीआईएल के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। एमओयू की शर्तों के अंतर्गत डीएफसीसीआईएल चार एमवीआई इकाइयों की खरीद, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशन के लिए जिम्मेदार होगा।

## बस्तर में आदिवासी समाज ने शुरू की अपनी जनजातीय जनगणना

एजेंसी

**बस्तर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में आदिवासी समाज ने राज्य सरकार से पहले अपनी जनजातीय जनगणना शुरू कर दी है। इस पहल की अगुवाई सर्व आदिवासी समाज कर रहा है। इस काम के लिए 200 से अधिक युवाओं की एक टीम तैयार की गई है, जिन्हें मोबाइल एप के माध्यम से दो महीने का जनगणना और डेटा संग्रह प्रशिक्षण दिया गया है। यह जनगणना बस्तर संभाग के सात जिलों के 1200 गांवों में की जा रही है। डेटा संग्रह के लिए 12 बिंदु तय किए हैं, जिसमें परिवार के सदस्यों की संख्या, आय, जाति, धर्म, भूमि, शिक्षा, व्यवसाय और पलायन जैसी जानकारियां शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, समाज में धर्मांतरित लोगों की जानकारी भी इकट्ठा की जा रही है। सर्व आदिवासी समाज के संभागीय अध्यक्ष प्रकाश सिंह ठाकुर ने बताया कि इस जनगणना का मुख्य उद्देश्य उन सामाजिक समस्याओं की जानकारी इकट्ठा करना है, जिनके डेटा की कमी के कारण समाधान नहीं हो पाता है। इस जनगणना में न केवल आदिवासी समाज के लोगों का विस्तृत ब्यौरा लिया जा रहा है, बल्कि गांवों में रहने वाले एससी, ओबीसी और सामान्य वर्ग के लोगों की भी गिनती की जा रही है। समाज का कहना है कि यदि यह जनगणना बस्तर संभाग में सफल रहती है, तब सरगुजा संभाग में भी यह अभियान चलाया जाएगा।

## पृष्ठ एक के शेष....

**जेवर एयरपोर्ट के पास घर...**

सेंटर एंड मार्ट, हॉल नंबर 07 में शुरू हुआ। ड्रा की प्रक्रिया मैनुअल प्रणाली (पर्ची के माध्यम से) से की गई ताकि पूरी तरह से पुष्टि हो सके। पूरी तरह से प्रक्रियात्मक समिति और पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में प्रक्रिया हुई। यीडा के सेक्टर-18 में 200 मीटर के प्लॉटों के स्कीम को लेकर लोगों में भारी उत्साह था। इस दौरान निकाली गई पर्चियों में प्रदीप शर्मा को प्लॉट 249, देवी प्रसाद को प्लॉट 2, मनीष कुमार वर्मा को प्लॉट 67, कपिल वशिष्ठ को प्लॉट-52 मिला। वहीं ड्रॉ में जो शुरूआती नाम आए उनमें संदीप सिंह, राजकुमार शर्मा, विनीत कुमार, तन्नू, माधवी गुप्ता, सौरभ कुमार तिवारी, सुनील कुमार, सुदर्शन कुमार, अनुपम ओझा, शशि बंसल, विनय नरूला, दिव्य गुप्ता, मोनिका अरोड़ा, गौरव गुप्ता, पूजा रानी, सक्षम गुप्ता, गौरव सैनी, श्याम सुंदर शर्मा, नवीन कपूर, पुनीत वर्मा व विवेक बंसल आदि के नाम शामिल थे। खबर लिखे जाने तक ड्रॉ निकाला जा रहा था। ड्रॉ में निकल रहे नामों की घोषणा शहर की आवाज करूणेश शर्मा द्वारा की जा रही थी। इस दौरान हॉल में यीडा के कई अधिकारी मौजूद रहे।

**सुपरटेक केपटाउन एओए...**

इससे जहां भूमिगत जल दूषित होकर जन स्वास्थ्य के नुकसान पहुंचा रहा है। उन्होंने बताया कि पर्यावरणीय कानून, जल अधिनियम-1974, वायु अधिनियम-1981 व ठोस अपशिष्ट 2000 एवं 2016 के उल्लंघन करने के क्रम में सोसायटी पर 3580000 रुपए का अर्थदंड लगाकर क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को अवगत कराया गया। इसके बावजूद भी ग्रुप हाउसिंग सोसायटी द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2023 के आर्टिकल 272 का उल्लंघन किया जा रहा है जो एनजीटी के नियमों का उल्लंघन है। पूर्व में भी कई बार सोसाइटी के एओए के पदाधिकारी को सोसाइटी में लगाए गए एसटीपी को सही तरीके से संचालित करने को कहा गया था लेकिन कोई कारगर पहल नहीं हुई। जल विभाग के प्रबंधक पवन बरनवाल की शिकायत पर पुलिस ने सोसायटी के एओए के पदाधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**गाजियाबाद के बड़े शोरूम...**

की नियत से खडे तीन व्यक्तियों को पकड़ने का प्रयास किया गया। खुद को पुलिस से घिरता देख बचने की नियत से दो व्यक्तियों ने तमंचे निकालकर जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर सीधा फायर कर दिया। जिससे मौजूद पुलिस कर्मी बाल-बाल बचे। पुलिस पार्टी ने आत्मरक्षार्थ फायर किया। जिसमें दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गये और इनमें से तीसरा बदमाश खुद को बचाते हुए भागने लगा। घायल दोनों बदमाशों को हिण्डन बैराज से कनावनी पुलिया को आने वाले रास्ते पर हिण्डन बैराज की तरफ से पकड़ लिया तथा भाग रहे तीसरे बदमाश को घटनास्थल के पास मौके से गिरफ्तार किया गया । मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किए गए बदमाश ने अपना नाम दीपक कुमार पुत्र पशुपति प्रसाद निवासी वार्ड न0- 05 वीरता चौक घोडासहन थाना घोडासहन जिला पूर्वी चम्पारण मोतीहारी बिहार तथा सिराज मियां पुत्र जिकुरला मियां निवासी वार्ड न0- 01 वीरता चौक घोडासहन थाना घोडासहन जिला पूर्वी चम्पारण मोतीहारी बिहार बताया। इनके कब्जे से 02 तमंचा, 02 खोखा कारतूस, 02 जिन्दा कारतूस व 01 घड़ी बरामद हुई है तथा तीसरे अभियुक्त करन कुमार पुत्र लल्लन प्रसाद जयसवाल निवासी वार्ड न0- 05 जोडा मन्दिर के पास कस्वा व थाना घोडासहन थाना घोडासहन जिला पूर्वी चम्पारण मोतीहारी बिहार के कब्जे से 01 अवैध चाकू बरामद किया गया है। गिरफ्तार बदमाश दीपक थाना इन्दिरापुरम से चोरी के अभियोग में वाँछित चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित है।

गिरफ्तार बदमाशों ने पूछताछ करने पर बताया कि हम तीनों अपने अन्य साथियों के साथ दुकानों के शटर तोड़कर बड़े-बड़े घडियों/मोबाइल फोन के शो-रुम में चोरी करते है व चोरी किये हुये माल की खरीद-फरोख्त करते है।

# जालसाज़ों ने जमीन का सौदा कर 4 करोड़ रुपये हड़पे

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा में मकान, दुकान, प्लॉट व ज़मीन बेचने के नाम पर जमकर धोखाधड़ी के मामले प्रकाश में आ रहे हैं। जालसाज़ों के फेर में फंसकर लोग अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई गंवा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला थाना बीटा-2 क्षेत्र में प्रकाश में आया है, जहां एक महिला सहित तीन जालसाज़ों ने एक व्यक्ति से ज़मीन देने के नाम पर 4 करोड़ रुपए हड़प लिए।

ग्रेटर कैलाश, दिल्ली निवासी नीरज श्रीवास्तव ने ग्रेटर नोएडा के डीसीपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसके रिश्तेदार रवि श्रीवास्तव ने उसे ग्वालियर, मध्य प्रदेश निवासी गिर्राज सिंह एवं ममता से ग्रेटर नोएडा के एक होटल में मिलवाया था। इन लोगों ने उसके समक्ष अपनी ज़मीन बेचने का प्रस्ताव रखा।

उक्त ज़मीन का सौदा 20 मई 2024 को ग्रेटर नोएडा के एक होटल में हुआ। होटल में आए गिर्राज, ममता, केतन बंसल व उनके बीच ज़मीन का सौदा 4 करोड़ रुपए में हुआ। उन्होंने आरटीजीएस के माध्यम से 4 करोड़ रुपए की पेमेंट कर दी और गिर्राज, ममता और केतन के साथ सेल एग्रीमेंट बनवा लिया।

इसके बाद जब उन्होंने ज़मीन का बैनामा करने को कहा तो ममता और गिर्राज उन्हें टालते रहे। कुछ समय बाद गिर्राज ने कहा कि उनकी ज़मीन का रेट बढ़ गया है, इसलिए वे अपनी ज़मीन नहीं बेच रहे हैं। इस पर उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने उन्हें 4 करोड़ रुपए की धनराशि के कई चेक दे दिए।

आरोपियों द्वारा दिए गए एक चेक को उन्होंने अपने खाते में लगाया, लेकिन वह बाउंस हो गया। उन्होंने जब इस बारे में आरोपियों से बात की तो उन्होंने पैसे लौटाने से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कई बार गिर्राज, ममता, केतन बंसल से अपने पैसे मांगे, लेकिन उन्होंने पैसे वापस नहीं लौटाए।

डीसीपी को दिए गए शिकायती पत्र की जांच के बाद थाना बीटा-2 पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

# ग्रेटर नोएडा की पांच दुकानों पर बिक रहा था एप्पल का डुप्लीकेट माल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल फोन निर्माता कंपनी एप्पल के डुप्लीकेट एसेसरीज बड़े पैमाने पर बेची जा रही है। इससे जहां एप्पल कंपनी को नुकसान हो रहा है। वहीं उसकी साख को भी मार्केट में बट्टा लग रहा है। ग्रेटर नोएडा में ऐसी ही पांच दुकानों पर शिकायत के बाद छापेमारी कर बड़े पैमाने पर एप्पल कंपनी की डुप्लीकेट एसेसरीज बरामद की गई है।

नोएडा के सेक्टर-25 स्थित समिता लीगल कंपनी में प्रबंधक के पद पर कार्यरत मृणाल अग्रवाल ने थाना बीटा-2 पुलिस को बताए थे। उसे तथा उसकी कंपनी को एप्पल के नकली उत्पाद बेचने तथा बनाने वालों के विरुद्ध जांच करने तथा पुलिस में शिकायत दर्ज करने के लिए अधिकृत किया गया है। उसने अपनी टीम के सदस्य मोहम्मद ताहिर के साथ ग्रेटर नोएडा का सर्वे किया तो पता चला कि पांच दुकानों पर एप्पल कंपनी के नकली उत्पाद बेचे जा रहे हैं। मृणाल अग्रवाल द्वारा दी गई सूचना के बाद खाना बीटा दो पुलिस की एक टीम उनके साथ स्काई देव टेलीकॉम शॉप पर पहुंची। दुकान की तलाशी लेने पर यहां से एप्पल के नकली 30 आईपैड कवर, 742 मेंबरान बरामद हुए। इसके बाद टीम ने और कम्युनिकेशन विशाल मोबाइल हाउस मिनी करोल बाग तथा महादेव टेलीकॉम पर भी छापा मारा यहां से भी बड़ी संख्या में पीसीएस बैक कवर, बैक पैनल व अन्य सामान बरामद हुआ।

पुलिस टीम की इस कार्रवाई से नकली सामान बेचने वालों में हड़कंप मच गया मृणाल अग्रवाल की शिकायत पर पुलिस ने इमरान अंकुर गुप्ता विशाल भाटी दानिश ब्राह्मणी भूषण शर्मा के खिलाफ धारा 63 कॉपीराइट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है

## खास खबर

### लुका मोड्रिक ने रियल मैड्रिड को कहा अलविदा

**ईस्ट रदरफोर्ड।** फीफा क्लब वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) के हाथों 0-4 की करारी हार रियल मैड्रिड के दिग्गज मिडफील्डर लुका मोड्रिक के लिए विदाई का पल साबित हुई। यह मैच रियल मैड्रिड के लिए मोड्रिक का आखिरी मुकाबला था। 39 वर्षीय क्रोएशियाई स्टार मोड्रिक ने 2012 में रियल मैड्रिड का दामन थामा था और इसके बाद क्लब के साथ उन्होंने 28 प्रमुख खिताब अपने नाम किए। इनमें छह यूएफा चैंपियंस लीग, चार ला लीगा और दो कोपा डेल रे खिताब शामिल हैं। इस उपलब्धि के साथ मोड्रिक रियल मैड्रिड के इतिहास में सबसे अधिक ट्रॉफी जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।मोड्रिक न सिर्फ क्लब के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी रहे हैं, बल्कि रियल मैड्रिड के लिए सबसे उम्रदराज गोल स्कोरर का रिकॉर्ड भी उनके नाम है। पीएसजी के खिलाफ अपने आखिरी मैच में मोड्रिक 63वें मिनट में जूड बेलिंघम की जगह मैदान पर उतरे।

### पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप आज से

1 बेंगलुरु। दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल शुक्रवार से यहां कांतीरवा स्टेडियम में शुरू हो रही इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मुख्य आकर्षण होंगे, जो सितंबर में होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए अंतिम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। दो दिवसीय चैंपियनशिप में 262 से अधिक भारतीय पैरा-एथलीट शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जो नई दिल्ली में आयोजित होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारतीय दल के लिए अंतिम चयन मंच के रूप में काम करेगा। अंतिल के अलावा प्रवीण कुमार (ऊंची कूद, टी 44), दो बार के पैरालंपिक रजत पदक विजेता योगेश कथुनिया (डिस्कस थ्रो, एफ 56), धर्मबीर नैन (क्लब थ्रो, एफ 51), रिंकू हुड्डा (भाला फेंक, एफ 46) और सिमरन (100 मीटर और 200 मीटर, टी 12) एक्शन में होंगे।

### स्वियातेक, सबालेंका सेमीफाइनल में पहुंचीं

**लंदन ।** पोलैंड की इगा स्वियातेक पहली बार विंबलडन टेनिस टूनार्मेंट के सेमीफाइन में पहुंचीं हैं। स्वियातेक ने क्वार्टर फाइनल में रूस की लुडमिला सैमसोनोवा को सीधे सेटों में 6-2, 7-5 से हराया। स्वियातेक ने इस मैच में सैमसोनोवा के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन किया। स्वियातेक ने रूसी खिलाड़ी पर के खिलाफ एक घंटे 49 मिनट तक चले मुकाबले में जीत हासिल की। यह उनकी सैमसोनोवा के खिलाफ लगातार 5वीं जीत रही है। एक अन्य मुकाबले में विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी बेलारुस की आर्यना सबालेंका ने भी जर्मनी की लौरा सीगेमंड को हराकर महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। स्वियातेक चार ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चौथी सक्रिय खिलाड़ी बन गई हैं। उनके अलावा इस सूची में सबालेंका, विक्टोरिया अजारेंका और कैरोलिना प्लिसकोवा जैसी खिलाड़ी शामिल हैं। स्वियातेक ने चार खिताब फ्रेंच ओपन जबकि एक यूएस ओपन में जीता था।

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड में जीती पहली टी20 सीरीज

# चौथे मैच में मेजबानों को 6 विकेट से हराया

एजेंसी

**लंदन।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने मेजबान इंग्लैंड को चौथे टी20 मैच में छह विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ही भारतीय टीम ने इंग्लैंड में पहली बार टी20 सीरीज जीती है। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने पांच मैचों की सीरीज में 3-1 की बढ़त हासिल कर ली है। इससे पहले भारतीय टीम ने साल 2006 में डर्बी में खेले गए एकमात्र टी-20 मैच में इंग्लैंड को हराया था। उसके बाद से भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू और विदेशी धरती पर एक बार भी टी-20 सीरीज नहीं जीती है। इस मैच में भारतीय टीम की जीत में गेंदबाजों की अहम भूमिका रही। स्पिनर राधा




यादव ने 15 रन देकर दो विके लिए और उन्हें प्लेआर ऑफ द मैच को अवार्ड मिला। वहीं श्री चरणी ने 30 रन देकर दो जबकि दीप्ति शर्मा ने 29 रन देकर एक विकेट लिया। इस इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड की महिलाएं सात विकेट पर 126 रन ही बना पायीं। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को भारतीय महिलाओं ने सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के 32 और स्मृति मंधाना के 31 रनों की सहायता से पहले विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी की इसके बाद जेमिमा रोड्रिग्स ने नाबाद 24 और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 26 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। भारतीय टीम ने तीन ओवर पहले ही 127 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। इस जीत प खुशी जताते हुए भारतीय महिला टीम की हरमनप्रीत ने कहा, हमें बहुत खुशी है कि हम यहां सीरीज जीतने में सफल रहे हैं। जिस तरह से हमने इस सीरीज में प्रदर्शन किया उससे मुझे अपनी टीम पर गर्व है। इसमें हर खिलाड़ी में अपना योगदान दिया उससे मैं बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा, ह्यइंग्लैंड दौरे पर आने से पहले हमने भारत में अभ्यास शिविर में भाग लिया था जिसका लाभ हमें मिला। हमने अपनी रणनीति पर काम किया था और यहां उस पर अच्छी तरह से अमल किया। हर किसी को अपनी भूमिका पता थी और उसी के अनुसार हमने खेला। भारतीय टीम ने इस सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड को रिकॉर्ड 97 रन से हराया था। इसके बाद ब्रिस्टल में उसे 24 रन से जीत मिली। इंग्लैंड की महिला टीम की सबसे छोटे प्रारूप में इस मैदान पर पहली पराजय थी। वहीं तीसरे मैच में मेजबान टीम जीती।

## स्टोक्स की बल्लेबाजी अब पहले जैसी नहीं रही : आथर्टन

एजेंसी

**लॉड्र्स।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल आथर्टन ने टीम के कप्तान बेन स्टोक्स पर निशाना साधा है। आथर्टन ने कहा है कि पिछले कुछ साल में स्टोक्स की बल्लेबाजी खराब हुई है। आथर्टन का मानना है कि कप्तान के रूप में भारत के खिलाफ इस सीरीज में स्टोक्स की नेतृत्व क्षमता दांव पर लगी है। स्टोक्स ने अपने 13 शतकों में से आखिरी शतक एशेज के दौरान लॉड्र्स में लगाया था जिसे दो साल हो चुके हैं। आथर्टन ने कहा, लगातार मैच खेलना, कम आराम, भारी हार और खराब निर्णय के कारण उनकी लय खराब हुई है। इस पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा कि स्टोक्स उस समय लय और फॉर्म से बाहर हो जाते हैं जब उसे आगे बढ़कर नेतृत्व करने की जरूरत होती है। आथर्टन ने यह भी बताया कि भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने स्टोक्स के विपरीत



स्पिनरों का सामना आसानी से किया है। उन्होंने कहा, स्टोक्स स्पिन के खिलाफ अस्थिर दिखे हैं जबकि शुभमन आराम से खेले। जोफ्रा आर्चर और गस एटकिंसन दोनों ने चोटों से उबरने के बाद लाल गेंद का पर्याप्त क्रिकेट नहीं खेला है लेकिन आथर्टन का मानना है कि दोनों को लॉड्र्स में खेलना चाहिए। उन्होंने कहा, स्पष्ट रूप से तेज गेंदबाजी आक्रमण को तरोताजा करने की जरूरत है। जब 2019 में स्टीव स्मिथ को रोकने के लिए लॉड्र्स में आर्चर को बुलाया गया था तो यह तेज गेंदबाज टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलने के बावजूद अपने खेल के शीर्ष पर था।

# पीएसजी ने रियल मैड्रिड को हराकर फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी

**ईस्ट रदरफोर्ड।** फेबियन रूइज के दो गोल और उस्मान डेम्बेले के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में रियल मैड्रिड को 4-0 से हराकर फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025 के फाइनल में जगह बना ली है। अब फाइनल में पीएसजी का सामना रविवार को इंग्लिश क्लब चेल्सी से होगा। मैच की शुरूआत से ही पीएसजी ने आक्रामक रवैया अपनाया और सिर्फ 24 मिनट में ही 3-0 की मजबूत बढ़त हासिल कर ली। यह मुकाबला खास इसलिए भी रहा क्योंकि यह पहली बार था जब किलियन एम्बाप्पे अपने पूर्व क्लब




पीएसजी के खिलाफ खेले। हालांकि, पीएसजी की मजबूत रक्षापंक्ति ने उन्हें गोल करने का कोई मौका नहीं दिया। मैच 6वें मिनट में उस्मान डेम्बेले ने राउल एसेन्सियो से गेंद छीनकर फेबियन रूइज को शानदार पास दिया, जिसे उन्होंने गोल में बदल दिया। 9वें मिनट में एंटोनियो रुडिगर की गलती का फायदा उठाकर डेम्बेले ने खुद गोल दागा और पीएसजी को 2-0 की बढ़त दिलाई। 24वें मिनट में हाकिमी और डेम्बेले की बेहतरीन समझबूझ के बाद रूइज ने अपना दूसरा गोल किया। 87वें मिनट में गोंसालो रामोस ने गोल करके पीएसजी की जीत पर मुहर लगा दी। पीएसजी के गोलकीपर जानलुइगी डोनारूमा ने किलियन एम्बाप्पे के शुरूआती शॉट को रोकते हुए कुल दो बचाव किए। पीएसजी ने टूनार्मेंट के छह में से पांच मैचों में क्लीन शीट रखते हुए अपने डिफेंस की मजबूती साबित की है। रियल मैड्रिड की ओर से ट्रेंट एलेक्जेंडर-अर्नोल्ड चोट के कारण टीम में शामिल नहीं थे। एम्बाप्पे को इस मुकाबले में शुरूआती एकादश में जगह मिली, लेकिन वे प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। अब पीएसजी की नजरें रविवार को होने वाले फाइनल मुकाबले पर टिकी होंगी, जहां वे पहली बार क्लब वर्ल्ड कप का खिताब जीतने की कोशिश करेंगे।

## इंडिया ए पुरुष हॉकी टीम का शानदार प्रदर्शन

# आयरलैंड को 6-0 से हराया

एजेंसी

**एंडहोवन, (नीदरलैंड्स)।** यूरोप दौरे के दूसरे मुकाबले में इंडिया ए पुरुष हॉकी टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए आयरलैंड को 6-0 से करारी शिकस्त दी। यह मुकाबला नीदरलैंड्स के एंडहोवन में खेला गया, जहां भारतीय टीम ने एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज करते हुए दौरे में लगातार दूसरी जीत हासिल की। टीम के लिए उत्तम सिंह ने एक बार फिर स्कोरिंग की शुरूआत की, जिसके बाद कप्तान संजय ने टीम की बढ़त को दोगुना किया। इसके बाद मिडफील्डर मोहम्मद रहील मऊसिन ने लगातार दो शानदार गोल दागे। अंतिम चरण में



अमनदीप लकड़ा और वरुण कुमार ने एक-एक गोल करते हुए टीम की जीत को और भी मजबूत बना दिया। मैच के बाद टीम के कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा, हमने आयरलैंड के खिलाफ दो बेहतरीन मुकाबले खेले हैं और मुझे खुशी है कि खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। अगला मुकाबला फ्रांस के खिलाफ है और उम्मीद है कि टीम वही लय बरकरार रखेगी। इंडिया ए टीम अब 12 जुलाई को इसी मैदान पर दोपहर 2 बजे (भारतीय समयानुसार) फ्रांस के खिलाफ अपना अगला मुकाबला खेलेगी।

## शाहीन ने बुमराह को वर्तमान समय का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बताया

एजेंसी

**लाहौर।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने भारत के जसप्रीत बुमराह की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह अभी विश्व के शीर्ष गेंदबाज हैं। शाहीन का एक वीडियो भी आया है जिससें उन्होंने बुमराह को 10 में से 10 नंबर दिये। जब उनसे पूछा जाता है कि बुमराह को 10 में से कितने अंक देंगे तो उनका जवाब था 10 नंबर। साथ ही कहा , वह वर्तमान समय के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। स्विंग, सटीकता, अनुभव के मामले में वह सबसे आगे हैं। इस गेंदबाज ने तीनों ही प्रारुपों में अबतक जबरदस्त प्रदर्शन किया है। उन्होंने 46 टेस्ट मैच में 210 विकेट लिए हैं। इस दौरान उन्होंने 14 बार 5 विकेट लिए हैं। वहीं 89 एकदिवसीय में उनके नाम 149 विकेट हैं। बुमराह ने 70 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 89



विकेट लिए हैं। बुमराह ने हैडिंग्ले के पहले टेस्ट मैच में 5 विकेट लिए थे। साल 2024-25 की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सभी 5 टेस्ट मैच खेले थे। इस दौरान उन्होंने 32 विकेट लिए थे। साल 2024 में उन्होंने अंतरराष्ट्री क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लिए थे। उन्हें पिछले साल आईसीसी ने क्रिकेटर ऑफ द ईयर और टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया है हालांकि बार-बार चोटिल होने के कारण वह लगातार नहीं खेल पाते हैं।

## हसरंगा टी20 सीरीज से हुए बाहर

**कैंडी ।** श्रीलंका के स्टार स्पिनर वानिंदु हसरंगा फिट नहीं होने के कारण बंगलादेश के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रही टी-20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। हसरंगा ने बंगलादेश के खिलाफ पहले एकदिवसीच मैच में टीम को जीत दिलायी थी पर वह अंतिम एकदिवसीय मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। जिससे श्रीलंकाई टीम को करारा झटका लगा है। मेजबान टीम श्रीलंका ने यह एकदिवसीय सीरीज 2-1 से जीती ली थी। हसरंगा की जगह पर अभी तक किसी अन्य खिलाड़ी के नाम की घोष्णा नहीं हुई है। यह स्पिनर अभी कोलंबो लौटकर हाई परफॉर्मेंस सेंटर में अपनी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजरेगा। इस सीरीज में चरित असालंका टीम की कप्तानी करेंगे।

## फीफा रैंकिंग में भारत को बड़ा झटका

# 6 स्थान गिरकर 133वें पायदान पर पहुंची भारतीय टीम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम को फीफा रैंकिंग में तगड़ा झटका लगा है। गुरुवार को जारी हुई ताजा फीफा रैंकिंग में भारत छह स्थान फिसलकर 133वें स्थान पर पहुंच गया है। यह भारत की पिछले लगभग एक दशक में सबसे निचली रैंकिंग है। इससे पहले भारत दिसंबर 2016 में 135वें स्थान पर था।

2023 के अंत तक भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन ट्रॉफियां जीती थीं और टॉप 100 में जगह बना ली थी। लेकिन उसके बाद से प्रदर्शन में लगातार गिरावट देखने को मिली है। पहले 2023 एएफसी एशियन कप के ग्रुप स्टेज से




बाहर होना, फिर 2026 फीफा वर्ल्ड कप क्वालिफायर्स से भी जल्दी बाहर हो जाना टीम के गिरते ग्राफ का हिस्सा बना। इगोर स्टिमैक की जगह मैनोलो मार्केज को हेड कोच नियुक्त किया गया, लेकिन कोचिंग बदलाव का भी कोई सकारात्मक असर नहीं पड़ा। भारत पिछले 16 महीनों से कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं जीत पाया है। हाल ही में हांगकांग से 0-1 की हार के साथ एएफसी एशियन कप 2027 क्वालिफायर्स के तीसरे राउंड से बाहर हुआ और इसी के साथ मार्केज ने भी कोच पद से इस्तीफा दे दिया। भारत की यह 6 स्थानों की गिरावट, इस बार की वैश्विक रैंकिंग में दूसरी सबसे बड़ी गिरावट है। भारत के साथ चीनी ताइपे, केमैन द्वीप, सेंट किट्स और नेविस, अल साल्वाडोर और स्लोवाकिया ने भी इतनी ही गिरावट दर्ज की है। कांगो, मालदीव, हैती और जमैका वे चार देश हैं जिनकी रैंकिंग भारत से भी ज्यादा, 7 स्थान गिरी है। भारत के लिए यह रैंकिंग न सिर्फ एक चेतावनी है, बल्कि आने वाले समय में रणनीति, कोचिंग और खिलाड़ियों के चयन को लेकर बड़े फैसलों की जरूरत की ओर भी इशारा करती है।

# जूनियर भारतीय महिला हॉकी के राष्ट्रीय कैंप में झारखंड के 7 खिलाड़ी आमंत्रित




पंच संवाददाता

**रांची ।** 14 जुलाई से 31 अगस्त 2025 तक एनसीओई साई सेंटर बैंगलुरू में जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप में झारखंड के 07 खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया। ये 07 खिलाड़ी रजनी केरकेट्टा, बिनीमा धान, संजना होरो,पार्वती टोपनो, निशा मिंज, निराली कुजूर और रोशनी आईड है। एक साथ झारखंड के 07=07 खिलाड़ियों को जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय शिविर में आमंत्रित करने पर हॉकी झारखंड और खेल विभाग के समस्त पदाधिकारियों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है ।

## लॉड्र्स में कृष्णा की जगह पर उतरेंगे बुमराह

एजेंसी

**लॉड्र्स ।** भारतीय क्रिकेट टीम के शुरू हो रहे तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में केवल एक बदलाव के साथ उतरने की उम्मीद है। इस मैच में तेज गेंदबाजी जसप्रीत बुमराह वापसी करेंगे, ऐसे में प्रसिद्ध कृष्णा को अंतिम ग्यारह में जगह मिलने की संभावना नहीं है। बुमराह को पिछले मैच में कार्यभार प्रबंधन के तहत आराम दिया गया था। वहीं बल्लेबाज करुण नायर को टीम में बनाये रखा जाएगा हालांकि पहले दो टेस्ट मैचों में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। करुण ने चार पारियों में अब तक 0, 20, 31 और 26 रन ही बनाए हैं। उनका औसत मात्र 19.25 रहा है। चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव को इस मैच



में भी जगह नहीं मिलेगी क्योंकि लॉड्र्स की हरी पिच पर तेज गेंदबाजों को सहायता मिलती है। टीम में अधिक बदलाव नहीं किये जाने का कारण ये है कि प्रबंधन विजयी संयोजन को बनाये रखना चाहता है। बुमराह की वापसी से टीम की गेंदबाजी और बेहतर होगी। इससे पहले एजबेस्टन में आकाश दीप ने कुल दस विकेट लिए, वहीं मोहम्मद सिराज ने भी पहली पारी में पांच विकेट लिए थे। करुण इस मैच में बड़ी पारी खेलकर टीम में अपनी जगह बनाये रखन का प्रयास करेंगे क्योंकि उन्हें आठ साल बाद वापसी का अवसर मिला है। वहीं पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा के अनुसार, लॉड्र्स टेस्ट में करुण नायर के लिए अंतिम मौका हो सकता है। आंकड़ों पर नजर डालें तो भारतीय टीम ने लॉड्र्स में अपने पिछले तीन में से दो टेस्ट जीते हैं, जिनमें 2021 में विराट कोहली की कप्तानी में ऐतिहासिक जीत शामिल है. ऐसे में गंभीर और गिल अब सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल करने का प्रयास करेंगे।

# नोवाक जोकोविच ने रिकॉर्ड 14वीं बार सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी

**लंदन।** अनुभवी सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने एक बार फिर अपना दबदबा दिखाते हुए इटली के फ्लावियो कोबोली को 6-7(6), 6-2, 7-5, 6-4 से हराकर विंबलडन 2025 के सेमीफाइनल में जगह बना ली। यह जोकोविच का ऑल इंग्लैंड क्लब में रिकॉर्ड 14वां सेमीफाइनल है। 38 वर्षीय जोकोविच अब रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए आठवीं बार विंबलडन खिताब जीतने और ग्रैंड स्लैम की कुल संख्या 25 तक पहुंचने की ओर अग्रसर हैं। सेमीफाइनल में उनका सामना टॉप सीड जैनिक सिनर से होगा, जबकि खिताबी भिड़ंत में उनका सामना कार्लोस अल्कराज या




टेलर फ्रिट्ज से हो सकता है। मैच के बाद जोकोविच ने कहा, बहुत सारे आंकड़े हैं, जो मेरे दिमाग में घूम रहे हैं। विंबलडन हमेशा मेरे लिए सबसे खास टूनार्मेंट रहा है। यह मेरे करियर का एक बड़ा हिस्सा है और आज भी 38 की उम्र में यहां प्रतिस्पर्धा कर पाना मेरे लिए सम्मान की बात है। उन्होंने आगे कहा, आज कोबोली जैसे युवा खिलाड़ी के खिलाफ खेलना मुझे भी युवा महसूस कराता है। अब मैं सिनर के खिलाफ खेलूंगा और यह शानदार मुकाबला होगा।₹ 22वीं वरीयता प्राप्त फ्लावियो कोबोली ने पहले सेट में शानदार वापसी करते हुए 3-5 से पिछड़ने के बाद जोरदार शॉट लगाए और टाईब्रेक में पहला सेट 7-6(6) से अपने नाम किया। पूर्व रोमा फुटबॉल खिलाड़ी कोबोली ने बाद में टेनिस को अपना करियर चुना और आज उन्हीं के आदर्श जोकोविच के खिलाफ कोर्ट में डटे रहे। जोकोविच ने कोबोली की तारीफ करते हुए कहा,₹कोबोली को इस शानदार टूनार्मेंट और आज के संघर्ष के लिए बधाई। उन्होंने बहुत ही ऊंचे स्तर का खेल दिखाया। सबसे ज्यादा मुझे उनकी सर्विस ने चौंकाया। दूसरे सेट में जोकोविच ने अपना अनुभव दिखाया और कोबोली की गलतियों का फायदा उठाकर 6-2 से सेट अपने नाम किया। तीसरे सेट में 6-5 की बढ़त लेने के बाद उन्होंने मुकाबले पर पकड़ मजबूत कर ली। चौथे सेट में सूर्यास्त की रोशनी में जोकोविच ने ब्रेक प्वाइंट हासिल किए, लेकिन मौके गंवाने के बाद वह गुस्से में खुद के जूते पर रैकेट से मारते नजर आए। हालांकि, आखिरी क्षणों में कोर्ट पर फिसलने के बावजूद, उन्होंने वापसी करते हुए जीत की मुहर लगा दी। मैच के बाद उन्होंने कहा, मैं फिसल गया था और वो क्षण थोड़ा अजीब था, लेकिन मैंने खुद को संभाला और मैच को समाप्त करने में सफल रहा। इस जीत के साथ नोवाक जोकोविच ने रोजर फेडरर के विंबलडन सेमीफाइनल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए, अपने 52वें ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया – जो अपने आप में एक नया इतिहास है।




लंदन में विंबलडन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में जीत से उत्साहित होती हुई पोलैंड की इगा स्वीटेक।



## हार्टब्रेक सॉन्ग के बाद अब रोमांटिक गानों से दीवाना बनाएंगे जुबिन

जुबिन नौटियाल एक ऐसे गायक हैं, जिनके गानों ने लोगों के दिलों में खास जगह बनाने का काम किया। सिंगर को हार्टब्रेक सॉन्ग ने काफी पहचान दिलाई, जिनमें तुम्हीं आना, हमनवा मेरे जैसे गानें शामिल हैं। अब गायक ने खुलासा किया वह अपने संगीत के जॉनर में बदलाव कर रहे हैं।

### पहले संगीत के जॉनर चुनना मुश्किल था

गायक जुबिन नौटियाल ने पीटीआई से बातचीत में अपनी गायकी को लेकर बात की। उन्होंने बताया, 'पहले के समय में गानों का जॉनर चुनना बहुत मुश्किल था। 10 साल तक लगातार गाने के बाद मैंने पाया है कि जब भी मैं कोई गाना रिकॉर्ड करता हूं, तो मैं सिर्फ यही सोचता हूं कि मैं इसे कर पाऊंगा या नहीं। मैंने हमेशा कोशिश की, चाहे वह कामयाब हो या असफल।'

### रोमांटिक गानों में बढ़ रही रूचि

हार्टब्रेक गानों से श्रोताओं के दिलों में छा जाने वाले गायक जुबिन नौटियाल अब रोमांटिक सॉन्ग की तरफ भी रूचि दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं ऐसी विधाओं में गाने में सक्षम हूँ जिसके बारे में मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं गा सकता हूँ। मुझे एहसास हो रहा है कि लोगों को मेरा रोमांटिक पक्ष पसंद आने लगा है, और मुझे बहुत अधिक रोमांटिक सॉन्ग को गाने का मौका मिल रहा है।' आगे सिंगर ने बोला, 'एक समय था जब मैं दुख भरी आवाज से जुड़ रहा था। अब इश्क मेरा और बरबाद गाना, जो एक सैड रोमांटिक सॉन्ग है, जिसे गाना मेरे लिए एक बड़ी बात है।'

### बरबाद गाने से हो रही चर्चा

जुबिन नौटियाल इस समय आगामी फिल्म 'सैयारा' के 'बरबाद' गाने से चर्चा में हैं। गायक के इस गाने को श्रोताओं और उनके फैंस द्वारा बेहद पसंद किया जा रहा है।



# 'धुरंधर' में 20 साल बड़े रणवीर सिंह के साथ करेंगी रोमांस

रणवीर सिंह की मच अवेटेड फिल्म 'धुरंधर' का आज फर्स्ट लुक सामने आ गया है। इस फर्स्ट लुक में रणवीर सिंह का जबरदस्त एक्शन अवतार देखने को मिला है। फर्स्ट लुक सामने आते ही सोशल मीडिया पर वायरल है और लोग इस पर अलग-अलग रिएक्शन दे रहे हैं। इसके सामने आते ही रणवीर सिंह के अलावा आर माधवन और अक्षय खन्ना के लुक की भी काफी तारीफ हो रही है।



### 20 साल छोटी एक्ट्रेस के साथ रोमांस करेंगे रणवीर

हैरान करने वाली बात ये है कि सारा अर्जुन अभी सिर्फ 20 साल की हैं। जबकि रणवीर सिंह आज ही 40 साल के पूरे हुए हैं। ऐसे में रणवीर 'धुरंधर' में खुद से 20 साल छोटी सारा के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। ये पहली बार है जब रणवीर सिंह इतने अधिक उम्र के फासले वाली हीरोइन के साथ रोमांस करते दिखेंगे।

### बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट की शुरुआत, कई विज्ञापनों में आई नजर

सारा अर्जुन की बात करें तो वो एक स्टारकिड हैं। सारा साउथ के मशहूर एक्टर राज अर्जुन की बेटी हैं। सारा ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट की थी। सारा ने अपना करियर विज्ञापनों से शुरू किया था। उन्होंने उस उम्र में विज्ञापन करने शुरू कर दिए थे, जब वो सही से बोल तक नहीं पाती थीं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो सारा पांच साल की उम्र तक 100 से ज्यादा टीवी विज्ञापनों में नजर आ चुकी थीं।

### कई साउथ और हिंदी फिल्मों में आई नजर

विज्ञापनों के अलावा सारा अर्जुन ने फिल्मों में भी बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अपनी शुरुआत की थी। सारा 2011 में आई अपनी पहली फिल्म देइवा थिरुमगल से ही घर-घर में मशहूर हो गईं थीं। यह तमिल ड्रामा है, जिसमें उन्होंने विक्रम के साथ काम किया था। सिर्फ छह साल की उम्र में, नीला की भूमिका निभाने वाले उनके किरदार ने दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों को प्रभावित किया था। इसके अलावा सारा अर्जुन 'एक थी डायन' में भी नजर आई थीं। वो मणिरत्नम की फिल्म 'पीएस 1' और 'पीएस 2' में भी नजर आ चुकी हैं। इस फिल्म में उन्होंने ऐश्वर्या राय के किरदार 'नंदिनी' के यंग एज के किरदार को निभाया था।



# कास्टिंग काउच को लेकर हेली शाह का खुलासा

अभिनेत्री हेली शाह ने मनोरंजन उद्योग के एक परेशान करने वाले अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने खुलासा किया कि उन्हें एक वेब शो की पेशकश की गई थी, लेकिन इसके लिए समझौता करने की शर्त रखी गई थी।

### हेली के सामने रखी गई शर्त

इंडिया फोरम के एक इंटरव्यू के दौरान हेली ने कहा कि उन्हें एक बड़ा प्रोजेक्ट ऑफर हुआ, जिसे सुनकर वह उत्साहित थीं। लेकिन जब उन्होंने पूछा कि क्या वह वाकई उनके लिए है, तो जवाब में कहा गया कि एक शर्त है, जिसके लिए उन्हें कहीं जाना होगा। हेली ने इसे ठुकरा दिया और कहा, कृपया किसी और को चुनें, मैं यह नहीं कर सकती।

### नंबर को किया ब्लॉक

उस शख्स का जवाब और भी चौंकाने वाला था। उसने कहा कि यह काम ऑनलाइन भी हो सकता है। हेली ने इसे अजीब और गलत बताया, और उस नंबर को ब्लॉक कर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग बेशर्मी से व्यवहार करते हैं, जो बहुत दुखद है। आखिरकार, हेली ने उस प्रोजेक्ट को छोड़ दिया। हेली अब गुजराती फिल्म डेडा में नजर आएंगी, जिसका निर्देशन हेमा शुक्ला ने किया है। इस फिल्म में वह एक गर्भवती महिला का किरदार निभा रही हैं, जिसकी गर्भावस्था में जटिलताएं हैं। फिल्म में गौरव पासवाला, सोनाली लेले देसाई और मेहुल बुच भी हैं।





# क्या आरजे महवश से चहल ने अपना रिश्ता कबूल किया?

हाल ही में क्रिकेटर गौतम गंभीर, ऋषभ पंत, अभिषेक शर्मा और युजवेंद्र चहल 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में शामिल हुए। इस शो में खूब हंसी-मजाक कपिल शर्मा ने इन क्रिकेटर्स के साथ किया। इसी बीच युजवेंद्र ने आरजे महवश से अपने रिश्ते के बारे में भी हिंट दिया। कपिल के शो में चहल के बारे में जज सिद्धू ने एक टिप्पणी की, वह बोले- 'यह टीम बदल दे, ऐसा हो नहीं सकता है, मगर यह गर्लफ्रेंड जरूर बदल देता है।' इस पर ऋषभ पंत बोले, 'चहल भाई, इन दिनों फ्री हैं।' फिर ऋषभ को टोकते हुए चहल ने कहा, 'इंडिया जान चुका है। 4 महीने पहले।' यह बोलकर वह चुप हो गए। बस इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू हो गई कि युजवेंद्र चहल ने आरजे महवश से अपना रिश्ता कबूल कर लिया है।

### डेट पर साथ देखे गए थे चहल और महवश

पिछले दिनों आईपीएल मैच के दौरान आरजे महवश, युजवेंद्र की टीम को सपोर्ट करती दिखीं। दोनों को साथ में डिनर डेट पर भी देखा गया। महवश की पोस्ट पर पिछले दिनों चहल ने रिएक्शन भी दिया था। मगर अब तक दोनों ने खुलकर अपना रिश्ता स्वीकार नहीं किया था। महवश तो चहल को अच्छा दोस्त बताती हैं।


### चहल का कुछ महीनों पहले हुआ तलाक

क्रिकेटर युजवेंद्र चहल का कुछ महीनों पहले ही कोरियोग्राफर धनश्री से तलाक हुआ। दोनों की शादी साल 2020 में हुई। तलाक के बाद से ही आरजे महवश के चहल नजर आ रहे हैं। आरजे महवश की बात करें तो वह एक्टिंग में भी कदम रख चुकी हैं। हाल ही में एक सीरीज प्यार पैसा और प्रॉफिट में नजर आ चुकी हैं।

# सिंगर अमाल मलिक ने बॉलीवुड पर साधा निशाना



सिंगर और म्यूजिक कंपोजर अमाल मलिक ने हाल ही में बॉलीवुड इंडस्ट्री के बारे में खुलकर बात की। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में कार्तिक आर्यन के साथ भी वही व्यवहार हो रहा है, जैसा पहले दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के साथ किया गया था। इंटरव्यू में अमाल मलिक ने कहा, 'अब लोगों को फिल्म इंडस्ट्री की सच्चाई समझ आ चुकी है। यह इंडस्ट्री अंदर से इतनी काली है कि कई बार लोगों की जान तक चली जाती है। सुशांत सिंह राजपूत इस सबको सहन नहीं कर पाए। कुछ लोग कहते हैं कि उनकी मौत मर्डर थी, कुछ कहते हैं सुसाइड। लेकिन जो भी हुआ, इंसान तो चला गया।' उन्होंने आगे कहा, 'इस इंडस्ट्री ने ही उनके मनोबल पर असर डाला। शायद उनके आत्मा और मानसिक स्थिति को नुकसान पहुंचाया। जब आम जनता को ये सब पता चला, तो उनका भरोसा बॉलीवुड से उठ गया। लोग कहने लगे कि यह इंडस्ट्री बहुत गंदी है।' अमाल मलिक ने आगे कहा कि सुशांत की मौत के बाद इंडस्ट्री की असली सच्चाई सामने आई और इसकी छवि खराब हो गई। इन लोगों ने जो किया, उसका नतीजा अब इन्हें भुगतना पड़ रहा है। ये लोग अब अपने डाउनफॉल के दौर से गुजर रहे हैं और ये इसके हकदार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अब वही सब कार्तिक आर्यन के साथ भी हो रहा है। उसे भी अलग करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन फिर भी वह मेहनत कर रहा है, मुस्कुरा रहा है, डांस करता है और आगे बढ़ रहा है। कार्तिक भी एक आउटसाइडर है, जिसने अपनी मेहनत से नाम कमाया है। लेकिन अब भी 100 लोग उसे हटाने की कोशिश में लगे रहते हैं। इंडस्ट्री में पावर प्ले होता है, गेम्स खेले जाते हैं और बड़े-बड़े प्रोड्यूसर और एक्टर्स इसमें शामिल रहते हैं।'





# अपूर्वा मखीजा से झगड़कर अब पछता रहीं उर्फी जावेद

उर्फी जावेद और निकिता लूथर रियलिटी वेब सीरीज द ट्रेटर्स की विनर बन चुकी हैं। दोनों को सम्मिलित रूप से 70 लाख रुपये की इनामी राशि भी मिली है। शो जीतने के फौन बाद उर्फी ने खुलासा किया कि उन्हें ऑनलाइन धमकियां दी जा रही है। उन्होंने इस बाबत स्क्रीनशॉट्स भी शेयर किए, जिसमें कई सोशल मीडिया यूजर्स ने उन्हें गंदी गालियां दीं, यहां तक की रेप और जान से मारने तक की धमकी दी। अब उर्फी ने ट्रोलिंग, आलोचना और शो में अपने व्यवहार पर चुप्पी तोड़ी है। दरअसल, उर्फी जावेद की आलोचना करते हुए कई यूजर्स ने कहा कि उन्होंने अपूर्वा मखीजा की पीठ में छुरा घोंपा। अब इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में उर्फी ने माना कि वह इस स्थिति को और बेहतर तरीके से संभाल सकती थीं। उनसे चूक हुई है।

उर्फी ने शो में अपनी लड़ाई के बारे में बात करते हुए कहा, आमतौर पर रियलिटी शोज में झगड़े होते रहते हैं। मैं उन पर ध्यान नहीं दे सकती। मैं किसी से नफरत नहीं करती, किसी के प्रति कोई बुरी भावना नहीं रखती। ये सभी अभी बच्चे हैं और उन्होंने जो भी कहा है, दो साल बाद वह खुद इस पर हंसेंगे। मैंने भी ऐसा किया है। मैं भी बहुत इम्पलसिव नेचर की हूं।

### अपूर्वा के साथ मेरा झगड़ा सम्मान को लेकर हुआ था

एक्ट्रेस और अपने अलहदा फैशन के लिए मशहूर उर्फी जावेद ने आगे बताया कि शो में जब अपूर्वा मखीजा ने उनसे बुरी तरह बात की, तो वह भड़क गई थीं। उन्होंने कहा, अपूर्वा के साथ मेरा झगड़ा सम्मान को लेकर हुआ था। यह मेरे अंदर एक असुरक्षा की भावना के कारण हुआ। इतने साल से, मेरे साथ इतना दुर्व्यवहार और अपमान किया गया है कि अब यह मुझे असुरक्षित महसूस करवा रहा है। इस वजह से, मैं कई बार हदें पार कर जाती हूं और ऐसी बातें कह देती हूं जिन्हें मैं वापस नहीं ले सकती।

### मैं दोषी हूं, स्थिति को संभाल सकती थी

उर्फी ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए कहा, मैं पूरी तरह से दोषी हूं। अपूर्वा के साथ झगड़े के दौरान मैं स्थिति को बेहतर तरीके से संभाल सकती थी। मुझे इस तरह से बात नहीं करनी चाहिए थी। मैंने जरूरत से ज्यादा कह दिया। मुझे लगा कि उसने मुझसे इस तरह बात करने की हिम्मत कैसे की?

### मैं और अपूर्वा दोस्त नहीं रह सकते

द ट्रेटर्स की विनर उर्फी जावेद से पूछा गया कि क्या उन्होंने शो में या उसके बाद अपूर्वा से रिश्ते सुधारने की कोशिश की तो उन्होंने कहा, हम दो बहुत अलग लोग हैं, हमारी पर्सलैनिटी मेल नहीं खाते। इसलिए हम दोस्त नहीं रह सकते। मेरे मन में किसी के खिलाफ कुछ भी नहीं है, और मुझे उससे कोई नफरत नहीं है। मैंने सोशल मीडिया पर कुछ नहीं कहा, लेकिन उसने बहुत सी बातें कहीं। जब उसने कहा कि मैं एक घटिया इंसान हूं, तब मैं हर्ष को देख रही थी। मुझे बहुत दुख हुआ।

### मुझे आश्चर्य हुआ कि कोई इतना गंदा कैसे...

उर्फी ने अपनी बात रखते हुए अंत में कहा, मुझे उस दौरान आश्चर्य हुआ कि कोई इतना गंदा कैसे हो सकता है। उसके पास युवाओं का एक बड़ा दर्शक वर्ग है, और सभी ने मुझे गाली देना शुरू कर दिया। मुझे उसकी वजह से बहुत सारे भद्दे मैसेज मिले हैं। मैं बहुत अजीब स्थिति में थी। लेकिन बाद में मुझे एहसास हुआ कि यह इसके लायक नहीं था, इसने उस समय मुझे बहुत प्रभावित किया। हालांकि, मुझे अपने इम्प्लसिव बिहेवियर पर काम करने की जरूरत है।



चेतना मंच | website:www.chetnamanch.com | Chetna Manch | Chetna Manch | गौतमबुद्धनगर | नोएडा | शुक्रवार, 11 जुलाई, 2025


# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जन्मदिवस पर बांटे फल





**नोएडा ( चेतना मंच )।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर की ओर से जिला अध्यक्ष महेश चौहान के नेतृत्व में नोएडा के जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित कर उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई।

जिला अध्यक्ष महेश चौहान ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार और राष्ट्रभक्ति की भावना से प्रेरित संगठन है। राजनाथ सिंह जैसे जननेता का जीवन हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्रोत है।

इस सेवा कार्य में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और जनसेवा के भाव को आत्मसात करते हुए मरीजों से संवाद भी किया।

जिला अस्पताल में फल वितरण के दौरान महामंत्री चंदगी राम यादव, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी (किसान मोर्चा) अमित त्यागी, अर्पित मिश्रा, डॉक्टर श्रीमती अजय राणा, अशोक मिश्रा, मनोज चौहान, ओमवीर अवाना, रामनिवास यादव, भूपेश चौधरी, राहुल शर्मा, देवेंद्र भदौरिया उज्जवल सिंह, विपुल शर्मा, नीरज चौधरी, इंद्राज खटाना, कल्लू सिंह, शुभम पाठक, दीपक मेहरा, सुशील अवाना सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एमएमएलपी के लिए 3 कंपनियों का प्रस्तुतिकरण देखा मुख्य सचिव ने




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और नोएडा, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह बृहस्पतिवार को ग्रेटर नोएडा आए। उन्होंने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क की स्कीम की समीक्षा की। यह स्कीम विगत 23 मई को लांच हुई थी और 23 जून को आवेदन की अंतिम तिथि थी। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर कप्पा टू स्थित भूखंड के लिए तीन कंपनियों, सुपर हैंडलर्स प्रा. लिमिटेड, अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड और इंपेजर (Empezar) लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड ने आवेदन किए हैं।

मुख्य सचिव ने बृहस्पतिवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में इन तीनों कंपनियों का प्रस्तुतिकरण देखा। इस पर अंतिम निर्णय मुख्य सचिव और नोएडा -ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा लिया जाएगा। बृहस्पतिवार को प्रस्तुतिकरण के दौरान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ लोकेश एम, यीडा के सीईओ आरके सिंह, गौतमबुद्धनगर के डीएम मनीष कुमार वर्मा, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, एसीईओ सुनील कुमार सिंह, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस, एसीईओ प्रेरणा सिंह, एसीईओ सुमित यादव, यीडा के ओएसडी शैलेन्द्र कुमार भाटिया, जीएम वित्त विनोद कुमार, जीएन प्लानिंग लीनू सहगल समेत तमाम वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

करीब 174 एक एरिया के भूखंड पर लॉजिस्टिक पार्क विकसित होने से 1200 करोड़ रुपये से अधिक निवेश और 5000 से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। साथ ही उद्योगों के लिए माल ढुलाई आसान हो जाएगी।



गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर नोएडा के सेक्टर-19 स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने विप्रजनों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

# गुरू से बढ़कर हितकारी कोई नहीं : स्वामी दिलीप दास



**नोएडा (चेतना मंच)।** सैक्टर-20 स्थित श्री हनुमान मंदिर में चल रही श्री राम कथा मानस गृहस्थ गीता की हवन यज्ञ एवं भण्डारे के साथ पूर्णाहुति हुई।

गुरु महिमा की कथा सुनाते अयोध्या धाम से पधारे रघुवंश संकल्प सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी दिलीप दास त्यागी ने कहा कि संसार में गुरू से बढ़कर हमारा हितकारी कोई नहीं है। गुरू कृपा से लौकिक और पारलौकिक दोनों सुख प्राप्त कर सकते हैं क्योंकि गुरू ही पूर्ण ब्रह्म है इसलिए सनातन धर्म में गुरू पूर्णिमा मनाई जाती है।

# महर्षिनगर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया

**नोएडा ( चेतना मंच )।** महर्षिनगर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर उत्सव भवन में वैदिक पंडितों ने रुद्राभिषेक के साथ संपूर्ण रीति-रिवाज से अगाध श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया।




इस अवसर पर महर्षि योगी के प्रवचन के टेप का प्रसारण किया गया जिसमें उन्होंने अपने गुरु स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती सहित समस्त गुरुपरंपरा और जीवन में गुरु की भूमिका पर प्रकाश डाला। महर्षि संस्था के ध्यान की डायरेक्टर श्रीमती अदिति श्रीवास्तव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थी।

रुद्धअभिषेक और अनुष्ठान किए। इस दौरान वैदिक पंडितों और श्रद्धालुओं ने अपने गुरुओं की भी पूजा-अर्चना की। सुबह से ही लोगों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच अपने परिवार की शांति के लिए धार्मिक अनुष्ठान किए।

मीडिया प्रभारी एके लाल ने बताया कि नोएडा के भंगेल स्थित महर्षिनगर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव की

महर्षि संस्थान गुरु पूर्णिमा की पूजा में शिशिर श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, विनीत श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, श्रीकान्तओझा, हरीश सचान, रामेन्द्र सचान, एल एस सोम, दयाशंकर गुप्ता, यादवेंद्र यादव, शिशुपाल यादव, सोनू यादव, संतोष श्रीवास्तव, कमलेश यादव, एस पी गर्ग, ललन पाठक विनोद दीक्षित आदि लोग थे।

# ब्राह्मण समाज ने युवाओं को किया सम्मानित



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** दादरी ब्रह्मपुरी स्थित लोकेश पंडित के आवास पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतवर्षीय ब्राह्माण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राजू शर्मा उर्फ राजकुमार पूर्व मंडल अध्यक्ष ब्राह्मण सभा तथा दादरी नगर पालिका की चेयरमैन श्रीमती गीता पंडित मौजूद रहे।

बीते दिनों मनाई गई भगवान परशुराम जयंती में विशेष योगदान देने पर रिंकू पंडित और कई नौजवानों को पं. पीतांबर शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया।

उपस्थित लोगों ने इस मौके पर पं. पीतांबर शर्मा को भी पटका व प्रतीक चिन्ह के रूप में भगवान परशुराम की मूर्ति देकर सम्मानित किया।



**रोटरी क्लब आफ नोएडा द्वारा अपने सामाजिक दायित्व के अंतर्गत आर्थिक रुप से कमजोर परिवार के छात्र छात्राओं को बेहतर तकनीकी शिक्षा देने के उददेश्य से शान गुरुकुल सेक्टर-30 स्कूल में पढ़ने वाले प्राथमिक विद्यालय के लगभग 30 बच्चों के लिए एलसीडी एवं लैपटॉप दिए गए। यह सामान सेंटर में उपयोग हेतु रोटरी परिवार के सदस्यों श्रीमति मृदु पासी, पिंकी जैन, अभिमन्यु माथुर, सरिता भार्गव द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब आफ नोएडा की अध्यक्ष अंशु अग्रवाल, सचिव अल्का चोपडा, स्वीटी ग्रोवर सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।**

# जल भराव पर जताया विरोध



**दनकौर।** ऐतिहासिक नगरी दनकौर के पास से गुजर रहे बाईपास की सड़क बनाने में किए गए भ्रष्टाचार के विरोध में करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर हो रहे जलभराव में धान व दर्जनों पेड़ रोपित करके विरोध प्रदर्शन किया।

करप्शन फ्री इंडिया संगठन के प्रदेश महासचिव मास्टर दिनेश नागर व जिलाध्यक्ष प्रेम प्रधान ने बताया कि कुछ माह पूर्व यमुना विकास प्राधिकरण द्वारा दनकौर देहात व बिलासपुर क्षेत्र के सैकड़ों गांवों को यमुना एक्सप्रेस-वे तथा नोएडा दिल्ली मार्ग से जोड़ने वाली सड़क का निर्माण कराया गया था। जोकि भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गया और कुछ माह में ही सड़क पूरी तरह टूट गई जिसने तालाब का रूप ले लिया। मास्टर दिनेश नागर ने बताया कि सड़क टूटने और जलभराव होने से आए दिन दुर्घटनाएं होने से लोगों का जानमाल का नुकसान हो रहा है। दिनेश नागर ने बताया कि गुरुवार को करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर हो रहे जलभराव में धान व दर्जनों पेड़ लगाकर विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रेम प्रधान,राकेश नागर, सूबेदार दुलीचंद नागर, ब्रह्म प्रधान, कमल नागर, तनिश नागर, आर्यन, कुलबीर भाटी, गौरव भाटी, प्रभु, कार्तिक, शिवम कसाना आदि लोग मौजूद रहे।

# टीबी के मरीजों को बांटी 'पोषण पोटली'



**नोएडा (चेतना मंच)।** जनपद गौतमबुधनगर में टीबी के मरीजों को पोषक खाद्य सामग्री देने तथा टीबी के मरीजों को नियमित रूप से दवाई खाने के प्रति जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार काम किया जा रहा है।

जिलाधिकारी मनीष वर्मा एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी नरेन्द्र कुमार के निर्देशन में रहम फाउंडेशन गाज़ियाबाद के डॉ धीरज भार्गव, श्रीमती अंजू गुप्ता, संदीप अग्रवाल द्वारा टी.बी. के मरीजों को पोषण पोटली वितरण समारोह का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार सेक्टर-39 नोएडा पर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अथिति डॉ नरेंद्र कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ आर.पी. सिंह, जिला पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट डॉ अमित कुमार,अम्बुज पांडेय, पवन भाटी, ब्रजपाल मावी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में लगभग 50 टी.बी. के मरीजों को पोषण पोटली का वितरण किया गया एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ आर0 पी0 सिंह के द्वारा मरीजों को टी.बी. से बचाव के प्रति जागरूक किया मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र कुमार ने बताया कि सभी मरीजों को समय से दवा खानी चाहिए और पूरे समय तक उपचार करना चाहिए ।

# हाईमॉस्ट लाइटों से रोशन होंगे ग्रेटर नोएडा के पार्क

## ग्रेनो प्राधिकरण ने निकाले टेंडर, जल्द लगने शुरू होंगे

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के आवासीय सेक्टरों के पार्कों में जल्द ही हाईमास्ट लाइटें लगाई जाएंगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग ने इन लाइटों को लगवाने के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है। ये लाइटें बहुत जल्द लगनी शुरू हो जाएंगी।

ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-36, 37, पाई वन व टू, बिल्डर्स एरिया, पी-3, ओमीक्रॉन-1ए, सेक्टर-31 (स्वर्णनगरी) के निवासियों ने पार्कों में हाईमास्ट लाइटें लगवाने की मांग की थी।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने इन सेक्टरों के पार्कों में ब्लैक स्पॉट चिंहित कर हाईमास्ट लाइटें लगवाने के निर्देश दिए। प्राधिकरण के ओएसडी अभिषेक पाठक ने बताया कि विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के वर्क सर्किल दो के वरिष्ठ प्रबंधक सौरभ भारद्वाज व टीम ने सर्वे कर सेक्टर-36, 37, पाई वन व टू, बिल्डर्स एरिया, पी-3, ओमीक्रॉन-1ए, सेक्टर-31 (स्वर्णनगरी) के



सेक्टरों के 34 पार्कों में ब्लैक स्पॉट के रूप में चिंहित किए हैं। इनमें 16 व 12.5 मीटर ऊंचाई की 34 हाईमास्ट लाइटें लगाई जाएंगी। इनकी टेंडर प्रक्रिया फाइनल हो गई है। हाईमास्ट लाइटें एकाध माह में लगनी शुरू हो जाएंगी। ये सभी एलईडी हाईमास्ट लाइटें होंगी। इससे रोशनी अधिक होगी। पारंपरिक फ्लड लाइटों की तुलना में इन हाईमास्ट लाइटों से बिजली खपत भी कम होगी, जिससे बिजली की भी बचत होगी। उन्होंने बताया कि जरूरत पड़ने पर 15 अतिरिक्त हाईमास्ट लाइटें लगाई जा सकती हैं।

### एसीईओ का बयान

**'सेक्टरवासियों की मांग पर विद्युत अभियांत्रिकी विभाग की टीम ने सर्वे कर पार्कों में 34 स्थान चिंहित किए हैं। इन सभी स्थानों पर हाईमास्ट लाइटें जल्द लगा दी जाएंगी। इनकी टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। हाईमास्ट लाइटें लगने से इन सेक्टरों में ब्लैक स्पॉट खत्म हो जाएंगे।'**